● जयपुर, शुक्रवार, 6 सितंबर 24 ● वर्ष 14 ● अंक 22 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25
RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक
राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त
सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000
जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित
अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

**सुविचार**

"सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।"

● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 उपमुख्यमंत्री ने कनेरा में किया महाराणा प्रताप की अश्वारूढ़ प्रतिमा का अनावरण...

पेज @4 राज्य में निवेश को सुविधाजनक बनाने, कंपनियों से निवेश के लिए एमओयू ....

पेज @8 25,000 रुपये के इनामी हार्ड कोर हिस्ट्रीशीटर आत्माराम विश्नोई ....

**न्यूज़ अपडेट**

## राष्ट्रपति मुर्मू, पीएम मोदी ने धरमबीर, प्रणव के जज्बे की सराहना की

नई दिल्ली/एजेंसी।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पैरा-एथलीट धरमबीर और प्रणव सूरमा को पेरिस पैरालंपिक में पुरुषों की क्लब थ्रो स्पर्धा में पदक जीतने के लिए बधाई दी और उनके अजेय जज्बे की प्रशंसा की।धरमबीर और प्रणव ने बुधवार देर रात पुरुषों के क्लब थ्रो एफ51 वर्ग में क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीता। इस स्पर्धा में भारत का यह पहला पोडियम स्थान था। राष्ट्रपति ने एक्स पर पोस्ट किया, मैं पेरिस 2024 पैरालंपिक में पुरुषों की क्लब थ्रो स्पर्धा में क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीतने पर धर्मबीर और प्रणव सूरमा को बधाई देती हूं। यह देश के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। उनका शानदार प्रदर्शन उभरते एथलीटों को क्लब थ्रोइंग को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करेगा। मैं उन्हें निरंतर सफलता के लिए शुभकामनाएं देती हूं।

पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया, धरमबीर ने इतिहास रच दिया है। उन्होंने प्तपैरालंपिक 2024 में पुरुषों की क्लब थ्रो एफ51 स्पर्धा में भारत के लिए पहला पैरालंपिक स्वर्ण जीता है! यह अविश्वसनीय उपलब्धि उनकी अजेय भावना के कारण है। देश इस उपलब्धि से बेहद खुश है। उन्होंने एक अन्य पोस्ट में लिखा, पैरालंपिक 2024 में पुरुष क्लब थ्रो एफ51 में रजत पदक जीतने के लिए प्रणव सूरमा को बधाई! उनकी सफलता अनगिनत युवाओं को प्रेरित करेगी। उनकी दृढ़ता सराहनीय है। 35 वर्षीय धरमबीर ने अपने पांचवें प्रयास में 34.92 मीटर की दूरी तय करके एशियाई रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता। दूसरी ओर, प्रणव ने 34.59 मीटर की दूरी तय करके शुरुआत की और रजत पदक जीता। अब तक भारत ने पेरिस 2024 में पांच स्वर्ण, नौ रजत और 10 कांस्य के साथ 24 पदक जीते हैं, जो पैरालंपिक खेलों में उनका अब तक का सर्वश्रेष्ठ परिणाम है। इससे पहले, भारत ने टोक्यो 2020 में पांच स्वर्ण, आठ रजत और छह कांस्य के साथ 19 पदक जीते थे।

# मुख्यमंत्री ने किया इकोनोमिक टाइम्स राजस्थान बिजनेस समिट का उद्घाटन

### हर सेक्टर में निवेश अनुकूल माहौल बनाने के लिए राज्य सरकार कर रही सतत काम

## राइजिंग राजस्थान समिट से प्रदेश बनेगा निवेश का हब: मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

चमकता राजस्थान

**जयपुर, 5 सितम्बर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान में उद्योग के लिए अपार संभावनाएं हैं। राज्य सरकार उद्योगपतियों के लिए निवेश अनुकूल वातावरण तैयार करने तथा हर सेक्टर में निवेश को आकर्षित करने के लिए दूरदर्शिता के साथ काम कर रही है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार राज्य को आर्थिक विकास और निवेश के हब के रूप में विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

शर्मा गुरूवार को जयपुर में आयोजित दो दिवसीय इकोनोमिक टाइम्स राजस्थान बिजनेस समिट को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस समिट के आयोजन से विचारों का आदान-प्रदान कर अवसरों की पहचान की जाएगी तथा नई-नई साझेदारियां बनाई जाएंगी। उन्होंने आशा जताई कि इस दो दिवसीय समिट से प्रदेश में औद्योगिक विकास के लिए सकारात्मक सुझाव प्राप्त होंगे जिस पर अमल कर राजस्थान देश के अग्रणी प्रदेशों में शुमार हो सकेगा तथा 2047 तक विकसित भारत-विकसित राजस्थान के विजन को गति मिलेगी।





### हमारी सरकार विकास के लिए घंटों में ले रही निर्णय

मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में एक फिल्म निर्माता ने राजस्थान में फिल्मसिटी की जरूरत के बारे में बताया तो सरकार द्वारा चार घंटों में ही जमीन चिन्हित कर उसके आवंटन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई। हमारी सरकार महीनों और दिनों में नहीं घंटों में राज्य के विकास के लिए निर्णय ले रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के उद्यमियों को सस्ती बिजली उपलब्ध कराने के लिए ऊर्जा क्षेत्र में 2 लाख 24 हजार करोड़ रुपये के एमओयू कर ज्वाइंट वेंचर बनाने की प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी गई है। उन्होंने आश्वस्त किया कि हमारी सरकार केवल एमओयू साइन करने में ही नहीं, बल्कि उन्हें धरातल पर उतारने में विश्वास रखती है।

### सार्वजनिक-निजी भागीदारी से औद्योगिक विकास को मिलेगी गति

शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा निवेशकों को लाभदायक माहौल देने के लिए लगातार नई नीतियां बनाई जा रही हैं। राजस्थान औद्योगिक नीति, निवेश प्रोत्साहन योजना, निर्यात प्रोत्साहन योजना, लॉजिस्टिक्स और वेयरहाउस नीति, डेटा सेंटर नीति और एमएसएमई नीति इसी दिशा में हमारे ठोस प्रयासों का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक-निजी भागीदारी से औद्योगिक विकास को गति मिलती है। पीपीपी मॉडल से बड़ी औद्योगिक परियोजना एवं सुदृढ आधारभूत ढांचे के विजन को पूरा किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि राज निवेश पोर्टल के माध्यम से अब कोई भी निवेशक दुनिया के किसी कोने से प्रदेश में निवेश के लिए आवेदन कर सकता है।

### राज्य की भौगोलिक स्थिति निवेशकों के लिए फायदेमंद

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान क्षेत्रफल के हिसाब से भारत का सबसे बड़ा राज्य है तथा आर्थिक दृष्टि से भी अत्यधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि राज्य में सोना, लौह अयस्क, कच्चा तेल, प्राकृतिक स्टोन, यूरेनियम और लिथियम जैसे खनिज संसाधन उपलब्ध हैं। साथ ही, राजस्थान मसालों, सुगंधित फसलों एवं मोटे अनाज के उत्पादन में अग्रणी हैं। अनुकूल भौगोलिक परिस्थितियों से उद्योगपतियों के लिए यहां निवेश करना फायदेमंद साबित होगा।

### राइजिंग राजस्थान से उद्यमियों के लिए निवेश की राह होगी आसान

शर्मा ने कहा कि प्रदेश में निवेशकों को अनुकूल वातावरण देने के लिए 9 से 11 दिसम्बर तक 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 का आयोजन किया जाएगा। राज्य सरकार द्वारा आयोजन को सफल बनाने और दुनिया भर के उद्यमियों को इससे जोड़ने के लिए विभिन्न स्थानों पर रोड शो और इन्वेस्टर मीटिंग का लगातार आयोजन किया जा रहा है। इसी सिलसिले में मुंबई में आयोजित पहले इन्वेस्टर मीट में निवेशकों का अपार उत्साह देखने को मिला और इसमें 4.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक के एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मेक इन इंडिया से लेकर स्टार्ट अप इंडिया जैसे अनेक ऐसे कार्यक्रम संचालित किए हैं जिससे देश में औद्योगिक विकास बढ़ा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में गत 8 माह में उद्योगपतियों के लिए निवेश का अनुकूल माहौल तैयार किया जा रहा है। इस दौरान आयोजकों ने मुख्यमंत्री को स्मृति चिन्ह भेंट स्वरूप दिए। मुख्यमंत्री ने आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। प्रमुख शासन सचिव उद्योग श्री अजिताभ शर्मा ने राज्य सरकार द्वारा उद्योगों के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यक्रमों तथा नवाचारों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में इकोनोमिक टाइम्स बिजनेस हैड श्री अमित कुमार गुप्ता, गूगल क्लाउड इंडिया हैड श्री लोकेश लोहिया, सीईओ सीमेंट बिजनेस अडानी ग्रुप अजय कपूर, कंटेनर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन संजय स्वरूप ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में उद्यमी एवं निवेशक उपस्थित रहे।

### गुरु-शिष्य परंपरा भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग

# बिड़ला सभागार में राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह

## विकसित राजस्थान की यात्रा में शिक्षक बड़े साझेदार: मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

- गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध
- प्रदेशभर में 55 हजार 800 मेधावी विद्यार्थियों को टैबलेट वितरित
- विद्यालय के क्रमोन्नयन में नहीं होगी कमी

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माता हैं, वे नव पीढ़ी में चरित्र-निर्माण की मजबूत नींव डाल कर सक्षम नागरिक रूपी भवन का निर्माण कर रहे हैं। उनकी शिक्षा-ज्ञान से ही मनुष्य विचारशील और करुणा व सहानुभूति के भाव से समृद्ध होता है और एक प्रगतिशील व समावेशी समाज बनाता है।

शर्मा गुरूवार को बिड़ला सभागार में आयोजित राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारी भारतीय परंपरा में गुरु का स्थान सर्वोपरि रहा है। शिक्षक प्रतिबद्धता और परिश्रम से शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाते हैं और समर्पण एवं निष्ठा से विद्यार्थियों के जीवन को समृद्ध बनाते हैं। इसलिए विद्यालय केवल अच्छे भवन, महंगे उपकरण या सुविधाओं से नहीं बल्कि शिक्षकों के अमूल्य ज्ञान से बनता है।







**● 80 लाख विद्यार्थियों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण-**

मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में परंपरागत शिक्षण पद्धतियों के साथ-साथ नवाचारों के लिये भी राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में स्कूलों, कॉलेजों में स्टेट स्किल पॉलिसी, अटल एन्टरप्रन्योरशिप प्रोग्राम, अटल इनोवेशन स्टूडियो और एक्सेलरेटर, लर्न, अर्न एण्ड प्रोग्रेस (लीप) प्रोग्राम, डिजिटल प्रवेशोत्सव इत्यादि के माध्यम से लाखों विद्यार्थियों को लाभान्वित करने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्कूल शिक्षा विभाग ने 70 हजार विद्यालयों के 80 लाख विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण सर्वे भी करवाया गया है। इसमें चिन्हित विद्यार्थियों को स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं के अंतर्गत उपचार की सुविधा मिल सकेगी।

**● बिजनेस इनोवेशन प्रोग्राम में 1 लाख विद्यार्थी लाभान्वित-**

शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार गांव से लेकर शहर तक शिक्षा के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए महत्वाकांक्षी योजनाओं-कार्यक्रमों पर निरंतर कार्य कर रही है। राज्य सरकार ने राजकीय विद्यालयों में कक्षा-कक्ष, लैब, पुस्तकालय, शौचालयों के निर्माण के लिए 350 करोड़ रुपये और 750 स्कूलों की बिल्डिग की मरम्मत के लिए 100 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। साथ ही, हम स्कूल और कॉलेज में बिजनेस इनोवेशन प्रोग्राम के माध्यम से 1 लाख विद्यार्थियों को लाभान्वित कर रहे हैं। आगामी दो वर्षों में राज्य सरकार 20 आईटीआई और 10 पॉलिटेक्निक कॉलेज भी खोलेगी।

### गुरु बिन सब सून-

समारोह में मुख्यमंत्री शर्मा अपने शिक्षक शंकरलाल शर्मा को देखकर भावुक हो गए। वे मंच से उतरे, गुरु के चरण स्पर्श किए, उन्हें अपने निकट बैठाया एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका अभिनन्दन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षक अपने शिष्यों की सफलता के लिए अथक परिश्रम करते हैं। वे एक कुम्हार की तरह होते हैं जो मिट्टी को अपने अनुभव से गूंथता है और एक सुंदर प्रतिमा बनाता है। उनके समर्पण का कोई मोल नहीं है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अपने बाल्यकाल में शिक्षा प्राप्त करने के अनुभव भी मंच से साझा किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस के अवसर पर शिक्षक दिवस मनाया जाता है। यह दिवस उनके असाधारण व्यक्तित्व एवं शिक्षा में उनके अमूल्य योगदान के प्रति सम्मान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि गुरु-शिष्य संबंध की समृद्ध परंपरा को पुनर्जीवित करने के क्रम में राज्य सरकार विश्वविद्यालय के कुलपतियों को कुलगुरु की पदवी से नवाजे जाने की परंपरा शुरू करने जा रही है।

### हमारे शिक्षक विकसित राजस्थान के निर्माणकर्ता

शर्मा ने कहा कि प्रदेश के शिक्षक अन्य राज्यों की तुलना में ज्यादा प्रतिभाशाली हैं। उनमें प्रदेश के शिक्षा के ढांचे को और उन्नत करने की क्षमता है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के योगदान से प्रदेश शिक्षा के क्षेत्र में शीघ्र ही सिरमौर बनेगा। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि जहां भी आवश्यकता होगी वहां विद्यालयों का क्रमोन्नयन होगा और नए विषय भी प्रारंभ होंगे।

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि प्रदेशभर में शिक्षकों द्वारा बेहतरीन काम किया जा रहा है। इस शैक्षिक वर्ष में विद्यार्थियों के अच्छे परीक्षा परिणाम भी आए हैं। 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत प्रदेशभर में 7 करोड़ वृक्षारोपण के लक्ष्य के क्रम में शिक्षा विभाग ने अकेले ही 2 करोड़ 50 लाख का लक्ष्य प्राप्त कर लिया है। उन्होंने कहा कि गत 5 जुलाई को राज्यभर में 3 करोड़ 58 लाख पुस्तकें विद्यार्थियों को दी जा चुकी हैं।

समारोह में मुख्यमंत्री ने 11 मेधावी विद्यार्थियों को निःशुल्क टैबलेट वितरित किए और शिक्षक सम्मान पुस्तिका एवं शिविरा का विमोचन भी किया। साथ ही, प्रदेशभर में 55 हजार 800 विद्याार्थियों को टैबलेट वितरित किए गए। इस अवसर पर शिक्षा विभाग द्वारा शाला स्वास्थ्य परीक्षण संबंधी शॉर्ट फिल्म भी प्रदर्शित की गई।

कार्यक्रम में उप-मुख्यमंत्री डॉ. प्रेम चन्द बैरवा, सांसद श्रीमती मंजू शर्मा, सिविल लाइन्स विधायक गोपाल शर्मा, जयपुर ग्रेटर नगर निगम मेयर श्रीमती सौम्या गुर्जर, शिक्षा शासन सचिव कृष्ण कुणाल एवं निदेशक माध्यमिक शिक्षा आशीष मोदी सहित जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे। वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से प्रदेश के सभी जिलों में कार्यरत शिक्षक भी समारोह से जुड़े।

# भारतीय ज्ञान परंपरा पर आधारित शिक्षा की जरूरत

शिक्षा को लेकर समय-समय पर अनेक प्रश्न उठते रहते हैं, जैसे कि शिक्षा पद्धति कैसी होनी चाहिए? पाठ्यक्रम कैसा होना चाहिए? विद्यार्थियों को पढ़ाने का तरीका कैसा होना चाहिए? वास्तव में स्वतंत्रता से पूर्व देश में अंग्रेजी शासन था। अंग्रेजों ने अपनी सुविधा एवं आवश्यकता के अनुसार शिक्षा पद्धति लागू की। उनका उद्देश्य भारतीयों को शिक्षित करना नहीं था, अपितु उनका उद्देश्य केवल अपने लिए क्लर्क तैयार करना था। देश की स्वतंत्रता के पश्चात स्वदेशी सरकार ने इस ओर विशेष ध्यान नहीं दिया। स्वतंत्रता के बाद देश में बहुत से कार्य करने थे। संभव है कि इस कारण इस ओर ध्यान नहीं गया हो या उस समय के लोगों को अंग्रेजी शिक्षा पद्धति उचित लगी हो। कारण जो भी रहा हो, देश में अंग्रेजी शिक्षा पद्धति से ही पढ़ाई होती रही। कुछ दशकों पूर्व देश में नई शिक्षा पद्धति की आवश्यकता अनुभव की जाने लगी तथा इस पर विचार-विमर्श प्रारंभ हुआ। वर्तमान शिक्षा पद्धति का अपना महत्व है।

आज प्राथमिक विद्यालयों के बच्चे भी विभिन्न विषयों पर बात कर लेते हैं, क्योंकि उन्हें आरंभ से ही विभिन्न विषय पढ़ाए जाते हैं। कुछ दशक पूर्व तक ऐसा नहीं था। किंतु आज की शिक्षा पद्धति में कुछ कमियां भी हैं, जैसे आज परीक्षा में सर्वाधिक अंक लाने पर बल दिया जाता है। अभिभावक भी यही चाहते हैं। उनके लिए इस बात का कोई अर्थ नहीं है कि उनके बच्चे विषय को समझ कर ज्ञान प्राप्त कर रहे हैं अथवा केवल रट्टे लगाकर परीक्षा में उत्तर लिख रहे हैं। उन्हें तो केवल अधिक से अधिक अंक चाहिए। परीक्षा में अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी ही योग्य माने जाने लगे हैं। कम या औसत अंक पाने वाले विद्यार्थी कमजोर माने जाते हैं। इसलिए विद्यार्थियों पर परीक्षा का दबाव बना रहता है। अक्सर वे मानसिक तनाव की चपेट में भी आ जाते हैं। दबाव के कारण भी उन्हें अधिक अंक पाने की लालसा रहती है। इसलिए आज शिक्षा व्यवसायिक होती जा रही है। किंतु सुखद बात यह है कि शिक्षाविदों और सरकारों का ध्यान इस ओर गया है तथा इसमें अब परिवर्तन आने लगा है।

अपनी मातृभाषा में शिक्षा दिलाना, इसका एक बड़ा उदाहरण है। अब प्राथमिक विद्यालयों से लेकर विश्वविद्यालयों तक में मातृभाषा में शिक्षा दिलाई जाने लगी है। आज के समय में हिंदी में चिकित्सीय एवं तकनीकी शिक्षा उपलब्ध करवाना किसी स्वप्न से कम नहीं है। कुछ वर्ष पूर्व तक इस बारे में सोचना भी सरल नहीं था। यह एक सार्थक पहल है। भविष्य में इसके अच्छे परिणाम सामने आएंगे। शिक्षा भारतीय ज्ञान परम्परा पर आधारित होनी चाहिए। सदैव से हमारी प्राचीन भारतीय सभ्यता विश्व की सर्वाधिक गौरवशाली एवं समृद्ध सभ्यताओं में एक रही है। विश्व के अधिकतर देशों में जब बर्बरता का युग था, उस समय भी हमारी भारतीय सभ्यता अपने शीर्ष पर थी। इसका सबसे बड़ा कारण शिक्षा ही है। हमारे पूर्वजों ने शिक्षा के क्षेत्र में अत्यंत उन्नति की। शिक्षा के कारण ही जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में विकास हुआ। इस पवित्र भारत भूमि पर वेद, पुराणों एवं उपनिषदों की रचना हुई। रामायण की रचना हुई, जिसमें जीवन का सार है। महाभारत की रचना हुई, जो हमें अन्याय के विरुद्ध खड़ा होने की प्रेरणा देती है। यह सब शिक्षा के कारण ही संभव हो सका। मानव के लिए वायु, जल एवं भोजन जितना आवश्यक है, शिक्षा भी उतनी ही आवश्यक है। इसलिए शिक्षा ऐसी होनी चाहिए, जो विद्यार्थियों को अक्षर ज्ञान देने के साथ उनके व्यक्तित्व का भी विकास करे। हमारी प्राचीन शिक्षा प्रणाली ऐसी ही थी।

शिक्षा का प्रथम उद्देश्य ही विद्यार्थी के चरित्र का निर्माण करना है। हमारी भारतीय संस्कृति में चरित्र निर्माण पर सर्वाधिक बल दिया गया है, क्योंकि चरित्र के बिना किसी भी गुण का कोई महत्व नहीं है। मनुस्मृति में कहा गया है कि सभी वेदों का ज्ञाता विद्वान भी सच्चरित्रता के अभाव में श्रेष्ठ नहीं है, किंतु केवल गायित्री मंत्र का ज्ञाता पंडित यदि चरित्रवान है, तो वह श्रेष्ठ है। इससे चरित्र की महत्ता का पता चल जाता है। वास्तव में शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान प्राप्त करना नहीं होना चाहिए, अपितु शिक्षा का उद्देश्य विद्यार्थी का सर्वांगीण विकास होना चाहिए, ताकि वह जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में विकास कर सके। शिक्षा का उद्देश्य विद्यार्थी को उसके अधिकारों के साथ-साथ उसके कर्त्तव्यों के बारे में जानकारी देना भी होना चाहिए, ताकि वह अपने अधिकारों को प्राप्त कर सके तथा परिवार एवं समाज के प्रति अपने कर्त्तव्यों का भी निर्वहन कर सके। शिक्षा का उद्देश्य विद्यार्थी के जीवन स्तर को उन्नत एवं समृद्ध बनाना भी है। शिक्षा के माध्यम से वह अपने जीवन को सुगम, उन्नत एवं समृद्ध बना सके। प्राचीन काल में विद्यार्थियों को अक्षर ज्ञान के साथ-साथ व्यवसायिक कार्यों का भी प्रशिक्षण दिया जाता था, ताकि वे अपने-अपने कार्यों में भी निपुणता प्राप्त कर सकें। एक नैतिकता से परिपूर्ण चरित्रवान व्यक्ति ही अपने कुल, समाज एवं राष्ट्र का नाम ऊंचा कर सकता है। इसके अतिरिक्त शिक्षा विज्ञान पद्धति पर भी आधारित होनी चाहिए तथा इसमें नवाचार भी होना चाहिए।

आज के समय में जिस प्रकार समाज में वैमनस्यता तीव्र गति से बढ़ रही है, वह दुख एवं चिंता का विषय है। वर्तमान समय में मनुष्य का जीवन- मूल्यों से विश्वास उठता जा रहा है। वह चरित्र की अपेक्षा धन-संपत्ति को महत्व दे रहा है। इससे उसका नैतिक पतन हो रहा है तथा समाज में अपराध दिन-प्रतिदिन बढ़ रहे हैं। आज के युवाओं को नित-नई चीजें चाहिए। इसके लिए कुछ युवा अनैतिक कार्यों का सहारा भी लेते हैं। आपराधिक तत्व उनकी महत्वाकांक्षा का अनुचित लाभ उठाते हुए उन्हें अपराध की दलदल में फंसा देते हैं। इस प्रकार उनका जीवन नष्ट हो जाता है। इसलिए पाठ्यक्रम में ऐसे परिवर्तन की आवश्यकता है, जिससे मनुष्य का नैतिक विकास हो तथा वह एक सुसभ्य समाज का निर्माण करने में सहायक सिद्ध हो सके। नई शिक्षा पद्धति में इस बात पर ध्यान दिया जा रहा है। नई शिक्षा पद्धति का उद्देश्य ऐसे सदाचारी मनुष्यों का विकास करना है, जिनमें दया, करुणा एवं सहानुभूति आदि गुण हों। जो नैतिक मूल्यों से संपन्न हों, जिनके लिए मानवीय मूल्य सर्वोपरि हों। जो केवल अपने बारे में न सोचकर संपूर्ण समाज के बारे में सोचें। इसलिए उत्तम शिक्षा के लिए पाठ्यक्रम में चारित्रिक विकास एवं मानवीय गुणों को विकसित करने के विषयों को भी सम्मिलित किया जाना चाहिए, जिससे नागरिक सामाजिक, नैतिकता तथा आध्यात्मिक मूल्यों को प्राप्त कर सकें।

# विघ्नहर्ता, शुभकर्ता गणेशजी बहुआयामी देवता हैं



ललित गर्ग

गणेश भारतीय संस्कृति के अभिन्न अंग हैं। प्राचीन काल से हिन्दू समाज कोई भी कार्य निर्विघ्न सम्पन्न करने के लिए उसका प्रारम्भ गणपति की पूजा से ही करता आ रहा है। प्रतिकूल, अशुभ, अज्ञान एवं दुःख से परेशान मनुष्य के लिये गणेश ही तारणहार है। वे सात्विक देवता हैं और विघ्नहर्ता हैं। वे न केवल भारतीय संस्कृति एवं जीवनशैली के कण-कण में व्याप्त है बल्कि विदेशों में भी घर-कारों-कार्यालयों एवं उत्पाद केन्द्रों में विद्यमान हैं। हर तरफ गणेश ही गणेश छाए हुए है। भाद्रपद शुक्ल की चतुर्थी को सिद्धि विनायक भगवान गणेश का जन्म हुआ। गणेशोत्सव हिन्दुओं का एक उत्सव है। दरअसल गणेश सुख-समृद्धि, रिद्धि-सिद्धि, वैभव, आनन्द, ज्ञान एवं शुभता के अधिष्ठाता देव हैं। प्रथम देव होने के साथ-साथ उनका व्यक्तित्व बहुआयामी है, लोकनायक का चरित्र हैं। इसलिये वे सार्वभौमिक, सार्वकालिक एवं सार्वदैशिक लोकप्रियता वाले देव है। गणेश के रूप में विष्णु शिव-पावर्ती के पुत्र के रूप में जन्म थे। उनके जन्म पर सभी देव उन्हें आशीर्वाद देने आए थे। विष्णु ने उन्हें ज्ञान का, ब्रह्मा ने यश और पूजन का, धर्मदेव पे धर्म तथा दया का आशीर्वाद दिया। शिव ने उदारता, बुद्धि, शक्ति एवं आत्म संयम का आशीर्वाद दिया। लक्ष्मी ने कहा कि जहां गणेश रहेंगे, वहां मैं रहूंगी।' सरस्वती ने वाणी, स्मृति एवं वक्तृत्व-शक्ति प्रदान की। सावित्री ने बुद्धि दी। त्रिदेवों ने गणेश को अग्रपूज्य, प्रथम देव एवं रिद्धि-सिद्धि प्रदाता का वर प्रदान किया। गणेशजी की आकृति विचित्र है, किन्तु इस आकृति के आध्यात्मिक संकेतों के रहस्य को यदि समझने का प्रयास किया जाये तो सनातन लाभ प्राप्त हो सकता है। क्योंकि गणेश अर्थात शिव पुत्र अर्थात शिवत्व प्राप्त करना होगा अन्यथा क्षेम एवं लाभ की कामना सफल नहीं होगी। गजानन गणेश की व्याख्या करें तो ज्ञात होगा कि 'गज' दो व्यंजनों से बना है। 'ग' प्रतीक है गति और गंतव्य का तो 'ज' जन्म अथवा उद्गम का प्रतीक है। अर्थात गज शब्द उत्पत्ति और अंत का संकेत देता है-जहाँ से आये हो वहीं जाओगे। जो जन्म है वही मृत्यु भी है। ब्रह्म और जगत के यथार्थ को बनाने वाला ही गजानन गणेश है।

गणेश भारतीय संस्कृति के अभिन्न अंग हैं, वे सात्विक देवता हैं। वे न केवल भारतीय संस्कृति एवं जीवनशैली के कण-कण में व्याप्त है बल्कि विदेशों में भी घर-कारों-कार्यालयों एवं उत्पाद केन्द्रों में विद्यमान हैं। हर तरफ गणेश ही गणेश छाए हुए है। मनुष्य के दैनिक कार्यो में सफलता, सुख-समृद्धि की कामना, बुद्धि एवं ज्ञान के विकास एवं किसी भी मंगल कार्य को निर्विघ्न सम्पन्न करने हेतु गणेशजी को ही सर्वप्रथम पूजा जाता है, याद किया जाता है। महाराष्ट्र का गणेशोत्सव विशेष रूप से प्रसिद्ध है। हजारों



स्थानों पर भारतीय कला और संस्कृति की भिन्न-भिन्न गणेश-छवियों के दर्शन होते हैं। रात्रि में सर्वत्र रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाते हैं। अंतिम दिन बड़ी धूमधाम से गणेश-प्रतिमाओं का विसर्जन नदी तटों, सरोवरों अथवा समुद्र में किया जाता है। दिन-प्रतिदिन गणेश चतुर्थी को अधिक से अधिक भव्यता से मनाने का प्रचलन बढ़ता ही जा रहा है। भारतीय संस्कृति एक ईश्वर की विशाल कल्पना के साथ अनेकानेक देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना से फलती-फूलती रही है। सब देवताओं की पूजा से प्रथम गणपति की पूजा का विधान है। दरअसल गणेश सुख-समृद्धि, वैभव एवं आनंद के अधिष्ठाता हैं। बड़े एवं साधारण सभी प्रकार के लौकिक कार्यो का आरंभ उनके दिव्य स्वरूप का स्मरण करके किया जाता है। व्यापारी अपने बही-खातों पर 'श्री गणेशाय नमः' लिख कर नये वर्ष का आरंभ करते हैं। प्रत्येक कार्य का शुभारंभ गणपति पूजन एवं गणेश वंदना से किया जाता है। विवाह का मांगलिक अवसर हो या नए घर का शिलान्यास, मंदिर में मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा का उत्सव हो या जीवन में षोड्स संस्कार का प्रसंग, गणपति का स्मरण सर्वप्रथम किया जाता है। स्कंद पुराण के अनुसार जो भक्ति-पूर्वक गणेश की पूजा-अर्चना करता है, उसके सम्मुख विघ्न कभी नहीं आते। गणपति गणेश अथवा विनायक सभी शब्दों का अर्थ है देवताओं का स्वामी अथवा अग्रणी। गणेशजी की सम्पूर्ण शारीरिक रचना के पीछे भगवान शिव की व्यापक सोच रही है। एक कुशल, न्यायप्रिय एवं सशक्त शासक एवं देव के समस्त गुण उनमें समाहित किये गये हैं। गणेशजी का गज मस्तक हैं अर्थात वह बुद्धि के देवता हैं। वे विवेकशील हैं। उनकी स्मरण शक्ति अत्यन्त कुशाग्र हैं। हाथी की भ्रांति उनकी प्रवृत्ति प्रेरणा का उद्गम स्थान धीर, गंभीर, शांत और स्थिर चेतना में है। हाथी की आंखें अपेक्षाकृत बहुत छोटी होती हैं और उन आँखों के भावों को समझ पाना बहुत कठिन होता है। दरअसल गणेश तत्ववेत्ता के आदर्श रूप हैं। गण के नेता में गुरुता और गंभीरता होनी चाहिए। उनके स्थूल शरीर में वह गुरुता निहित है। उनका विशाल शरीर सदैव सतर्क रहने तथा सभी परिस्थितियों एवं कठिनाइयों का सामना करने के लिए तत्पर रहने की भी प्रेरणा देता है। उनका लंबोदर दूसरों की बातों की गोपनीयता, बुराइयों, कमजोरियों को स्वयं में समाविष्ट कर लेने की शिक्षा देता है तथा सभी प्रकार की निंदा, आलोचना को अपने उदर में रख कर अपने कर्तव्य पथ पर अडिग रहने की प्रेरणा देता है। छोटा मुख कम, तर्कपूर्ण तथा मृदुभाषी होने का द्योतक है।

गणेश का व्यक्तित्व रहस्यमय हैं, जिसे पढ़ पाना एवं समझ पाना हर किसी के लिये संभव नहीं है। शासक भी वही सफल होता है जिसके मनोभावों को पढ़ा और समझा न जा सके। इस प्रकार अच्छा शासक वही होता है जो दूसरों के मन को तो अच्छी तरह से पढ़ ले परन्तु उसके मन को कोई न समझ सके। दरअसल वे शौर्य, साहस तथा नेतृत्व के भी प्रतीक हैं। उनके हेरांब रूप में युद्धप्रियता का, विनायक रूप में यक्षों जैसी विकरालता का और विघ्नेश्वर रूप में लोकरंजक एवं परोपकारी स्वरूप का दर्शन होता है। गण का अर्थ है समूह। गणेश समूह के स्वामी हैं इसीलिए उन्हें गणाध्यक्ष, लोकनायक, गणपति आदि नामों से पुकारा जाता है। गज मुख पर कान भी इस बात के प्रतीक हैं कि शासक जनता की बात को सुनने के लिए कान सदैव खुले रखें। यदि शासक जनता की ओर से अपने कान बंद कर लेगा तो वह कभी सफल नहीं हो सकेगा। शासक को हाथी की ही भांति शक्तिशाली एवं स्वाभिमानी होना चाहिए। अपने एवं परिवार के पोषण के लिए शासक को न तो किसी पर निर्भर रहना चाहिए और न ही उसकी आय के स्रोत ज्ञात होने चाहिए। हाथी बिना झुके ही अपनी सूँड की सहायता से सब कुछ उठा कर अपना पोषण कर सकता है। शासक को किसी भी परिस्थिति में दूसरों के सामने झुकना नहीं चाहिए। गणेशजी के पैर छोटे हैं जो कर्मेन्द्रिय के सूचक और सत्व गुणों के प्रतीक हैं। मूषक गणपति का वाहन है जो चंचलता एवं दूसरों की छिद्रान्वेषण की प्रवृत्ति को नियंत्रित करने का प्रेरक है। गणेशजी की चार भुजाएँ चार प्रकार के भक्तों, चार प्रकार की सृष्टि और चार पुरुषार्थों का ज्ञान कराती है। गणेशजी को प्रथम लिपिकार माना जाता है उन्होंने ही देवताओं की प्रार्थना पर वेद व्यासजी द्वारा रचित महाभारत को लिपिबद्ध किया था। अनंतकाल से अनेक नामों से गणेश दुख, भय, चिन्ता इत्यादि विघ्न के हरणकर्ता के रूप में पूजित होकर मानवों का संताप हरते रहे हैं। वर्तमान काल में स्वतंत्रता की रक्षा, राष्ट्रीय चेतना, भावनात्मक एकता और अखंडता की रक्षा के लिए गणेशजी की पूजा और गणेश चतुर्थी के पर्व का उत्साहपूर्वक मनाने का अपना विशेष महत्व है।

ऋद्धि-सिद्धि गणेशजी की पत्नियाँ हैं। वे प्रजापति विश्वकर्ता की पुत्रियां हैं। गणेश की पूजा यदि विधिवत की जाए, तो इनकी पतिव्रता पत्नियां ऋद्धि-सिद्धि भी प्रसन्न होकर घर-परिवार में सुख-शांति-समृद्धि और संतान को निर्मल विद्या-बुद्धि देती है। सिद्धि से 'क्षेम' और ऋद्धि से 'लाभ' नाम के शोभा सम्पन्न दो पुत्र हुए। जहां भगवान गणेश विघ्नहर्ता हैं तो उनकी पत्नियां ऋद्धि-सिद्धि यशस्वी, वैभवशाली व प्रतिष्ठित बनाने वाली होती है। वहीं शुभ-लाभ हर सुख-सौभाग्य देने के साथ उसे स्थायी और सुरक्षित रखते हैं। जन-जन के कल्याण, धर्म के सिद्धान्तों को व्यावहारिक रूप प्रदान करने एवं सुख-समृद्धि-निर्विघ्न शासन व्यवस्था स्थापित करने के कारण ही गणेशजी की मानव-जाति सदा ऋणी रहेगी। आज के शासनकर्ताओं को गणेश के पदचिन्हों पर चलने की जरूरत है।

# 6 सितंबर 1889 : सुप्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी शरत चंद्र बोस का जन्म



रमेश शर्मा

भारतीय स्वाधीनता संग्राम में कुछ ऐसे विलक्षण व्यक्तित्व थे, जिन्होंने अपने संघर्ष से अंग्रेजों को भारत से बाहर करने के लिये नया इतिहास रचने वाली पीढ़ी तैयार की। ऐसे ही महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे शरत चन्द्र बोस। ये नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के बड़े भाई थे। नेताजी सुभाषचन्द्र को उन्होंने ही आजाद हिन्द फौज गठित करने के लिये प्रेरित किया था।

ऐसे विलक्षण व्यक्तित्व और विचारक शरत चन्द्र बोस का जन्म 6 सितम्बर 1889 को उड़ीसा प्राँत के अंतर्गत कटक में हुआ था। पिता जानकी नाथ बोस कटक (उड़ीसा) क्षेत्र के सुविख्यात एडवोकेट थे। उन्हें अंग्रेजों ने राय बहादुर की उपाधि से सम्मानित किया था। माता प्रभावती संस्कारवान महिला थीं जो भारतीय परंपराओं के अनुरूप जीवन जीने की समर्थक थीं। शरत बाबू नेताजी सुभाषचन्द्र बोस के बड़े भाई थे। दोनों की आयु में आठ वर्षो का अंतर था। सुभाष बाबू बचपन से शरत जी का अनुसरण करते थे और उनका मार्ग दर्शन लेकर आगे कार्य करते थे। समय के साथ शरत चन्द्र बोस का विवाह विभावती देवी से हुआ और परिवार कलकत्ता आ गया। शरद बाबू की आरंभिक शिक्षा कटक में हुई और आगे की पढ़ाई कलकत्ता में हुई। जब कलकत्ता आये तब पूरे बंगाल का वातावरण उथल-पुथल भरा था। अंग्रेजों ने बंगाल विभाजन की घोषणा कर दी थी, जिसका भारी विरोध होनै लगा। यह विरोध दोनों प्रकार से था- अहिसंक और क्राँतिकारी आँदोलन। शरत बाबू छात्र जीवन में थे और बंगाल विभाजन विरोधी आँदोलन से शामिल हुये। इसके साथ ही वे काँग्रेस से जुड़ गये।

1909 में उन्होंने कोलकाता के प्रेसिडेंसी कॉलेज से एमए किया और इसी वर्ष काँग्रेस की विधिवत सदस्यता भी ली। लगभग दो वर्ष कलकत्ता रहे और 1911 में वकालत पढ़ने लंदन चले गये। 1914 में बैरिस्टर बन कर भारत लौट आये। कलकत्ता लौट कर वकालत के साथ सामाजिक जीवन में भी सक्रिय हुये। वे कई बार कलकत्ता नगर निगम के एल्डरमैन बने और बंगाल विधान परिषद के सदस्य भी रहे। वे अंग्रेजों द्वारा भारतीयों के अपमान के विरुद्ध थे और प्रयास करते थे कि भारतीयों को वही नागरिक सम्मान मिले जो अंग्रेजों का था। वे गुप्त रूप से क्राँतिकारियों की सहायता करने लगे। उनकी ओर से अदालत में पैरवी भी की गई। इसके साथ वे भारतीय परिवारों के आंतरिक जीवन में अपनी परंपराओं के समर्थक थे लेकिन खुल कर सामने आये 1930 में। तब देश में सविनय अवज्ञा आंदोलन आरंभ हुआ। शरत जी अपनी प्रैक्ट्रिस और अन्य सभी दायित्व त्याग कर आँदोलन में शामिल हो गये। सविनय अवज्ञा आंदोलन में शामिल होने के कारण 1932 में वे गिरफ्तार हुये और उनहें तीन साल का कारावास मिला।

जेल से निकलने के बाद अंग्रेजों से भारत की मुक्ति के लिये अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तैयारी आरंभ की। शरत जी फारवर्ड ब्लॉक से जुड़े और अनेक विदेश यात्राएँ कीं। वे भारत के बाहर अंग्रेजों के विरुद्ध विश्व जनमत बनाना चाहते थे। जापान और जर्मनी की राजशक्ति को भारतीय क्राँतिकारियों से जोड़ने में शरत जी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने ही नेताजी सुभाषचन्द्र बोस को आजाद हिन्द फौज का नेतृत्व संभालने के लिये न केवल प्रेरित किया अपितु गुप्त रूप से सैन्य भर्ती अभियान भी चलाया। 11 दिसंबर 1941 को उन्हें घर में नज़रबंद कर दिया गया। यह नजरबंदी उनकी अकेले की नहीं थी। नेताजी सुभाषचन्द्र बोस को भी उनके साथ नजरबंद किया गया था। उन्होंने सुभाष बाबू को वेष बदलकर और शरीर पर भूरा लेप लगाकर नजरबंदी से निकाल दिया था। यह शरत बाबू की ही युक्ति थी जिससे सुभाष चंद्र बोस सुरक्षित निकल सके और आजाद हिन्द फौज का काम आगे बढ़ सका। वे चार वर्षो तक अपने ही घर में नजरबंद रहे। नजरबंदी हटी तो पुनः कांग्रेस में सक्रिय हो गये। 1945 के बाद भारत से अंग्रेजों की विदाई और भारत विभाजन की भूमिका बनने लगी। वे संविधान सभा के सदस्य बने लेकिन उन्हें जल्दी ही संविधान सभा को छोड़ना पड़ा। शरत जी चाहते थे कि भारत का संविधान अंग्रेजी मानसिकता से मुक्त रहे और पूर्णतया भारतीय बने। इसी बिन्दु पर उनके काँग्रेस और अन्य सदस्यों से मतभेद हुये और शरत जी ने संविधान सभा से त्यागपत्र दे दिया। काँग्रेस और तत्कालीन राजनेताओं से उनके मतभेद केवल संविधान के प्रारूप को लेकर ही नहीं हुये, वे भारत विभाजन के विरुद्ध थे। उन्होंने भारत विभाजन का खुलकर विरोध किया। विभाजन के विरुद्ध बंगाल का जनमत तैयार करने के लिये सभायें कीं। लेकिन उस समय बंगाल का वातावरण कुछ ऐसा था जिसमें किसी को किसी बात समझ न आ रही थी। सबको अपनी जानमाल की पड़ी थी।

शरत जी चाहते थे कि काँग्रेस, मुस्लिम लीग और अँग्रेजों की मिलीभगत में साथ न दे और भारत विभाजन का विरोध करे लेकिन पाकिस्तान की माँग को लेकर मुस्लिम लीग द्वारा अगस्त 1946 से चलाये गये डायरेक्ट एक्शन से भारी हिंसा होने लगी और भारत विभाजन के लिये काँग्रेस ने सहमति दे दी। इससे असंतुष्ट होकर शरत जी ने जनवरी 1947 में काँग्रेस से त्यागपत्र दे दिया और फरवरी 1947 से माउंटबेटन की भारत विभाजन योजना के विरुद्ध अभियान छेड़ दिया। वे चाहते थे कि बंगाल संयुक्त रहे। इसके लिये उन्होंने समाचार पत्र निकाल कर जनजागरण भी करना चाहा। लेकिन बंगाल में मुस्लिम लीग की हिंसक आँधी चल रही थी। हजारों लोगों के प्राण गये। लाखों बेघर हुये। शरत जी का अखंड बंगाल सपना टूट गया। रक्त की मानों नदी बह गई और बंगाल विभाजन के साथ भारत भी विभाजित हो गया। इस विभाजन से आहत शरत जी ने स्वयं को सार्वजनिक जीवन से अलग कर लिया और पूरी तरह लेखन को समर्पित हो गये। शरत जी 20 फरवरी 1950 को देह त्याग कर परम ज्योति में विलीन हो गये। बाद में उनके भाषणों और लेखन का संग्रह प्रकाशित हुये जिनमें "बंधन की महिमा" संग्रह सर्वाधिक लोकप्रिय हुआ।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# मोदी सरकार के खिलाफ फर्जी आर्थिक आख्यानों का जवाब



पंकज जगन्नाथ जयस्वाल

आम लोगों में डर पैदा करने के लिए विपक्षी दल, कुछ एनजीओ और वैश्विक बाज़ार की ताकतें प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत की अर्थव्यवस्था के बारे में सनसनीखेज और झूठे आख्यान फैला रही हैं, जिससे वे सरकार के खिलाफ़ विद्रोह कर सकें और विभिन्न चुनावों के दौरान सबक सिखा सकें। फर्जी आर्थिक आख्यानों में शामिल हैं- मोदी सरकार के भारी-भरकम ऋण भविष्य में अर्थव्यवस्था की गिरावट के लिए ज़िम्मेदार होंगे और भारत जल्द ही आर्थिक रूप से विफल राष्ट्र बन जाएगा।

जब नरेन्द्र मोदी ने 2014 में प्रधानमंत्री के रूप में पदभार संभाला था, तब भारत की जीडीपी पहले 64 वर्षों के दौरान 1.7 ट्रिलियन डॉलर थी और यह मोदी के नेतृत्व में पिछले दशक में 4 ट्रिलियन डॉलर तक बढ़ गई है। यह विपक्षी दलों और सरकारों को अस्थिर करने के अन्य लोगों द्वारा झूठे आख्यानों के व्यापक प्रचार को दर्शाता है। प्रधानमंत्री मोदी ने 2014 से बागडोर संभालने के बाद से, भारत ने परिकलित अवधि ऋण को चुकाने के लिए मिलान करने वाली व्यवहार्यता के बिना एक भी ऋण बिना अध्ययन किये नहीं लिया है और इसके विपरीत अपने शासन के पिछले 10 वर्षों में विश्व बैंक, एशियाई बैंक, आदि को पिछले सरकारों के लगभग 35% ऋण चुकाए हैं और अब अन्य देशों को ऋण और वित्त देने की स्थिति में हैं। भारत की अर्थव्यवस्था विश्व स्तर पर महत्वपूर्ण है। इसमें एक विशाल, युवा आबादी के साथ-साथ खुली, लोकतांत्रिक राजनीतिक प्रणाली है। यह वर्तमान में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था (पीपीपी) है '

विकास का सिर्फ एक उदाहरण, भारत में 111 यूनिकॉर्न हैं, जिनका संयुक्त मूल्यांकन 349.67 बिलियन डॉलर है। 2021 में, 45 यूनिकॉर्न शुरू हुए, जिनका कुल मूल्य 102.30 बिलियन अमेरिकी डॉलर था, जबकि 2022 में 22 यूनिकॉर्न पैदा हुए, जिनका कुल मूल्यांकन 29.20 बिलियन डॉलर था। भारत में वर्तमान में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा यूनिकॉर्न बेस है। आने वाले वर्षों में कांग्रेस सरकार द्वारा की गई गलतियों और विसंगतियों के लिए बड़े कर्ज का निपटान किया जाएगा।

### ऋण की अवधारणा को समझना

सभी ऋण बुरे नहीं होते, जिसमें व्यक्तिगत ऋण भी शामिल है। उदाहरण के लिए, किसी व्यक्ति पर 50 लाख रुपये का गृह ऋण हो सकता है लेकिन बदले में उसके पास अपना घर जैसी संपत्ति होती है और वह शांति से रह सकता है। जबकि व्यक्तिगत ऋण आमतौर पर नकारात्मक होता है, संगठन और राष्ट्र अपने विकास को बढ़ावा देने के लिए ऋण लेते हैं।

एक युवा सेब का पेड़ और एक बड़ा कर्ज होना अच्छा है क्योंकि इससे आपकी सेब की आपूर्ति बढ़ेगी। एक परिपक्व पेड़ के साथ एक बड़ा कर्ज होना भयानक है क्योंकि इससे आपकी आय में कोई खास सुधार नहीं होगा (उदाहरणः इटली)। जब आपके पास एक बड़ा कर्ज है (उदाहरण के लिए, जापान) तो एक मरते हुए पेड़ के साथ एक नया पेड़ न लगाना बेहद अवांछनीय है। सिंगापुर की रेटिंग दुनिया में सबसे ज़्यादा है, बावजूद इसके कि उसका जीडीपी ऋण अनुपात (100% से ज़्यादा) ज़्यादा है। ऐसा इसलिए है क्योंकि जो मायने रखता है वह यह है कि आप उधार लिए गए पैसे का क्या करते हैं। सिंगापुर पैसे उधार लेता है और उसे संपत्ति बनाने में निवेश करता है, जिससे कर्ज का मूल्य बढ़ता है। यह सरल अर्थशास्त्र है। नतीजतन, वे कर्ज और ब्याज चुकाने में सक्षम हैं और साथ ही इससे लाभ भी कमा रहे हैं। भारत यही कर रहा हैः यह बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए कर्ज का उपयोग कर रहा है, जिससे कर्ज का मूल्य बढ़ रहा है। भारत के पास अतिरिक्त कर्ज लेने की गुंजाइश है, जो एक सकारात्मक बात है। एक बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था को बड़े पैमाने पर निवेश को निधि देने के लिए अधिक मात्रा में कर्ज की आवश्यकता होती है। भारत की अपने ऋण को चुकाने की क्षमता को प्राथमिकता देनी चाहिए, जिसे अक्सर "ऋण चुकाने की क्षमता" के रूप में जाना जाता है। यह आंशिक रूप से भारतीय सरकार की डॉलर के बजाय रुपये में सौदे करने की क्षमता के कारण हो सकता है, जिससे बाद के मूल्यवृद्धि से बचाव होता है। साथ ही बेहतर ऋण शर्तें सुनिश्चित होती हैं और कुल ऋण के अनुपात के रूप में भारत के विदेशी भंडार में सुधार होता है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि भारत का विदेशी ऋण काफी बढ़ गया है। हालांकि, जीडीपी के प्रतिशत के रूप में भारत का विदेशी ऋण कम हुआ है। यूपीए के वर्षों के दौरान विदेशी ऋण-जीडीपी अनुपात लगभग 24% था लेकिन तब से यह घटकर 18% से थोड़ा अधिक रह गया है। अगर आप भारतीय केंद्र सरकार के कुल ऋण पर विचार करें, तो भारत बड़े पश्चिमी देशों की तुलना में कहीं बेहतर स्थिति में है। भारत का ऋण जीडीपी का लगभग 83% है, जबकि जापान का 261% और संयुक्त राज्य अमेरिका का लगभग 121% है। अमेरिकी संघीय सरकार का पूरा ऋण 34 ट्रिलियन डॉलर से अधिक है, जबकि भारतीय केंद्र सरकार का लगभग 2.06 ट्रिलियन डॉलर है।

हमें स्पष्ट होना चाहिएः ऋण दुनिया की अर्थव्यवस्थाओं को ईंधन देता है। लेकिन इन ऋणों का उपयोग उत्पादक उद्देश्यों, जैसे पूंजीगत व्यय के लिए किया जाना चाहिए। भारत को सालाना अरबों डॉलर के निवेश की आवश्यकता है और हमारे पास स्पष्ट रूप से इतना पैसा नहीं है, इसलिए हम इन परियोजनाओं को वित्तपोषित करने के लिए ऋण लेंगे। हमें ऋणों के बारे में तब तक चिंतित नहीं होना चाहिए जब तक कि उनका उपयोग पूंजीगत व्यय के लिए न किया जाए।

हमें कोरोनावायरस के वर्षों को नहीं भूलना चाहिए, जिसने दुनिया की हर अर्थव्यवस्था का कर्ज काफी बढ़ा दिया था, क्योंकि बकाया राशि काफी बढ़ गई थी और राजस्व कम हो गया था। मेरा मानना है कि भारतीय कर्ज नियंत्रण में है और जब तक हम स्थिर गति से आर्थिक रूप से विस्तार करना जारी रखते हैं, तब तक चिंतित होने की कोई आवश्यकता नहीं है। 2013 में, प्राइम लैंडिंग दर लगभग 12.5 से 13% थी, लेकिन अब यह 8.4 से 8.75% है, जो दर्शाता है कि औसत भारतीय का कर्ज का बोझ काफी कम हो गया है।

### ऋण-से-जीडीपी अनुपात को समझने के लिए मुख्य बिंदु

ऋण-से-जीडीपी अनुपात एक समीकरण है जो अंश में देश के सकल ऋण और हर में उसके सकल घरेलू उत्पाद का उपयोग करता है। जब तक देश की अर्थव्यवस्था का विस्तार हो रहा है, तब तक उच्च ऋण-से-जीडीपी अनुपात जरूरी नहीं कि बुरी चीज हो, क्योंकि यह दीर्घकालिक विकास को बढ़ावा देने के लिए उत्तोलन के उपयोग की अनुमति देता है। ऋण-से-जीडीपी अनुपात कई तरह से देशों के लिए समस्याएँ पैदा कर सकता है, जिसमें अप्रत्याशित मंदी, जनसांख्यिकीय परिवर्तन और बेकार खर्च शामिल हैं। बड़े ऋण-से-जीडीपी अनुपात से निपटने के लिए कई रणनीतियाँ हैं, जिनमें सरकारी खर्च को कम करना, विकास को प्रोत्साहित करना और कर राजस्व बढ़ाना शामिल है।

### प्रधानमंत्री मोदी और उनकी टीम ने कर्ज कम करने के लिए कड़ी मेहनत की

दिवालियापन और दिवालियापन अधिनियम के साथ, सरकार अब पिछले प्रशासन के तहत अंधाधुंध तरीके से लिए गए बैंक ऋणों (विशेष रूप से निगमों को) की वसूली करने में बेहतर तरीके से सक्षम है। चालू खाता घाटा (उअऊ) लगभग 2% तक कम हो गया है। विदेशी मुद्रा भंडार 304 बिलियन अमरीकी डॉलर से बढ़कर 681 बिलियन हो गया है। समन्वय और बातचीत के परिणामस्वरूप रक्षा अधिग्रहण पर महत्वपूर्ण बचत हुई है। मेक इन इंडिया परियोजना स्वदेशी उत्पादन, घरेलू निवेश और रोजगार सृजन को बढ़ावा दे रही है। उदाहरण के लिए, भारत में उत्पादित मोबाइल सेटों की संख्या 6 करोड़ से बढ़ कर 22.5 करोड़ हो गई है। आधार और जनधन योजनाओं ने चोरी को खत्म कर दिया है और यह सुनिश्चित किया है कि योजना का लाभ सीधे पात्र व्यक्तियों को वितरित किया जाए।

इस अवधि में मुद्रास्फीति दुनिया की विकसित अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में काफी कम रही है। उन्होंने यह सुनिश्चित किया है कि आम आदमी के पैसे का बेहतर और अधिक उत्पादक उपयोग हो। सरकार ने ईरान से 1.30 लाख करोड़ रुपये का तेल ऋण और पिछली सरकार से बड़ी संख्या में तेल बांड का भुगतान किया है। विमुद्रीकरण के माध्यम से सरकार ने कर चोरों से 80,000 करोड़ रुपये वसूले हैं और बड़ी संख्या में कर चोरों को अपने रडार पर लाया है, जिसके लिए प्रयास जारी हैं। जीएसटी एक गेम चेंजर रहा है। इसने देश को एकल कर ढांचे में सुव्यवस्थित किया है, जिसके परिणामस्वरूप अधिक अनुपालन हुआ है।

यहाँ, हमें यह जानना चाहिए कि हमारी भारतीय वित्तीय सेवाएँ हमारी वर्तमान रक्षा पर कितना खर्च करती हैं, जो चीन और पाकिस्तान से निपटने में महत्वपूर्ण है। मेरा मानना है कि यह प्रश्न मोदी के नेतृत्व की आलोचना करने और लोगों को गुमराह करने के लिए है। मोदी सरकार हमारा कर्ज चुका रही है, जिसे पिछली सरकारों ने मुख्य रूप से कांग्रेस सरकारों ने भ्रष्टाचार, कुशासन और अकुशलता के कारण कई दशकों के दौरान हम सहित सभी भारतीयों के सिर पर लाद दिया था। अधिकांश उभरते देशों में, जैसे-जैसे अर्थव्यवस्था बढ़ती है, घरेलू बचत की कमी को हल करने के लिए विदेशी ऋण लेना होता है; भारत कोई अपवाद नहीं है। भारत में आर्थिक गतिविधि बाहरी ऋण के निर्माण को प्रभावित करती है, जो निजी क्षेत्र को अंतर्राष्ट्रीय ऋण तक पहुँच की अनुमति देने वाली वर्षों की नीतियों को दर्शाती है।

संघीय सरकार वाले इतने बड़े, विविधतापूर्ण देश में नीति निर्माण की चुनौतियों को देखते हुए, पीएम मोदी ने कई मौकों पर कठोर परिस्थितियों और गैर-समर्थक विपक्ष के बावजूद समय पर निर्णय और नीतियों को लागू करके 1.4 बिलियन लोगों के विकास के लिए अपने समर्पण का प्रदर्शन किया है। अपने पहले कार्यकाल में उन्हें विरासत में मिली सुस्त अर्थव्यवस्था एक बड़ी चुनौती थी, लेकिन उन्होंने इसे सकारात्मक विकास के स्रोत में बदल दिया और एक बेहतरीन पथप्रदर्शक साबित हुए।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# उपमुख्यमंत्री ने कनेरा में किया महाराणा प्रताप की अश्वारूढ़ प्रतिमा का अनावरण

## महाराणा प्रताप सर्किट के माध्यम से मेवाड बने ग्लोबल डेस्टीनेशन : दिया कुमारी

चमकता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने गुरुवार को कनेरा में महाराणा प्रताप की अश्वारूढ़ प्रतिमा का अनावरण किया।





इस अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि महाराणा प्रताप की प्रतिमा अनावरण के शुभ अवसर पर मेवाड़ आना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। मेवाड़ में आना अपनों के बीच आने जैसा है। मेवाड़ की जनता ने मुझे 5 साल सांसद के रूप में सेवा का अवसर दिया। उन्होंने कहा कि सरकार राजस्थान के गौरवशाली इतिहास के संवर्धन के लिए कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा एवं सरकार ने बजट में महाराणा प्रताप सर्किट बनाने की घोषणा की है। इसके तहत उनसे संबंधित सभी ऐतिहासिक स्थलों का विश्वस्तरीय विकास किया जाएगा। सरकार ने बजट में प्रत्येक विधानसभा को भरपूर लाभ दिया है। बजट में हर वर्ग - हर क्षेत्र का ध्यान रखा गया है। सरकार जनता के हित और विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि यह तो अभी पहला बजट है, आगे पूरी पिक्चर अभी बाकी है। उन्होंने कहा कि मेवाड़ क्षेत्र में विकास सारे कार्य करवाए जाएंगे। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन योद्धाओं ने अपना सब कुछ मातृभूमि के लिए त्याग दिया, उस विरासत का संरक्षण करना और उसे आगे बढ़ाना हम सभी की जिम्मेदारी है ताकि आने वाली पीढ़ियों को गौरवशाली इतिहास से परिचित करवाया जा सके।

कार्यक्रम में निंबाहेड़ा विधायक श्रीचंद कृपलानी ने कहा कि उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री के रूप में दिया कुमारी ने बजट में क्षेत्र को उम्मीद से बढ़कर दिया है। विधानसभा क्षेत्र की जो भी मांगे थी, उसे बजट में पूरा किया गया है। मैं उपमुख्यमंत्री का इस अवसर पर पधारने के लिए आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने उप मुख्यमंत्री को क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराते हुए विकास संबंधित मांगे रखी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाराणा प्रताप स्मारक अभियान के चंद्रवीर सिंह ने कहा कि इतिहास के संरक्षण तथा उसे जन-जन तक पहुंचाने के लिए अभियान के तहत देश में विभिन्न स्थानों पर महापुरुषों के स्मारक बनाए जा रहे हैं। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश से आए पूर्व सांसद मानवेंद्र सिंह ने आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर सांसद सीपी जोशी, निंबाहेड़ा विधायक श्रीचंद कृपलानी, जिला प्रमुख भूपेंद्र सिंह बडोली, जावद विधायक ओम सकलेचा, जिला कलक्टर आलोक रंजन, पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी, प्रधान बगदीराम, पूर्व विधायक अशोक नवलखा, पूर्व विधायक बद्रीलाल जाट, पूर्व उप जिला प्रमुख मिट्ठू लाल जाट, उपखंड अधिकारी चित्तौड़गढ़ बीनू देवल, उपखंड अधिकारी निंबाहेड़ा विकास पंचोली सहित जन प्रतिनिधि, अधिकारी, महाराणा प्रताप स्मारक अभियान के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की भव्य प्रतिमा के 'अनावरण समारोह' में शामिल



**चमकता राजस्थान/जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने आज शाहपुरा जिले के बीरधोल गांव में 'महाराणा प्रताप स्मारक अभियान' के तत्वावधान में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की भव्य प्रतिमा के 'अनावरण समारोह' में शामिल हुईं। ये प्रतिमा हमारे स्वाभिमान, शौर्य और बलिदान के प्रतीक महाराणा प्रताप की वीरता की अनमोल धरोहर है, जो आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरित करती रहेगी।

साथ ही, बोरड़ा से बीरधोल चौराहे तक 10 करोड़ रुपये की लागत से सड़क उद्घाटन और हॉल का लोकार्पण भी किया। वहीं, 'शिक्षक दिवस' के खास अवसर पर शिक्षकों को सम्मानित भी किया।

प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में महाराज दीपक पुरी,जहाजपुर विधायक गोपीचंद मीणा, माण्डलगढ़ विधायक गोपाल खण्डेलवाल, पूर्व सांसद मानवेंद्र सिंह,जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़, महाराणा प्रताप स्मारक अभियान के अध्यक्ष चंद्रवीर सिंह नमाणा, कोटड़ी प्रधान करण सिंह कानावत, क्षत्रिय करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष राज शेखावत,स्मारक समिति सदस्य, पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता गण, प्रबुद्धजन एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

### सड़क हादसे में पांच बर्षीय बालिका सहित चार जनें घायल

- करही-ककरारा मार्ग पर असंतुलित होकर बाइक फिसलने से सडक हादसा



**चमकता राजस्थान। नदबई,(राजवीर सिंह)।** ग्रामीण क्षेत्र के करही-ककरारा सडक मार्ग पर असंतुलित होकर बाइक फिसलने से पांच बर्षीय बालिका सहित चार जनें घायल हो गए। घायलों को निजी वाहन से उपजिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। बाद में एक महिला को गंभीर स्थिति के चलते जिला चिकित्सालय रैफर कर दिया गया। गांव करही निवासी नवल सिंह पुत्र सोहनलाल अपनी मॉ घीसी को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जा रहा। इसी दौरान ककरारा के समीप बाइक फिसलने से हादसा हो गया। जिसमें बाइक सवार युवक नवल सिंह सहित पांच बर्षीय पुत्री पायल, माता घीसीदेवी व पिता सोहनलाल सिंह घायल हो गए। समीपवर्ती लोगों ने निजी वाहन की सहायता से घायलों को उपजिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। बाद में गंभीर स्थिति के चलते माता घीसीदेवी को जिला चिकित्सालय रैफर कर दिया गया। इस संदर्भ में समाचार लिखे जाने तक पुलिस में मामला दर्ज नही हुआ।

### तिहारी पंचायत में सामाजिक अंकेक्षण आयोजित



**चमकता राजस्थान /रघुनंदन पारिक।** श्रीनगर पंचायत समिति के ग्राम पंचायत तिहारी में गुरुवार को सामाजिक अंकेक्षण का आयोजन हुआ। ग्रामीणों की मौजूदगी में पंचायत क्षे महत्र में 2023 24 में हुए विकास कार्यों का सामाजिक अंकेक्षण किया गया। इस दौरान तिहारी सरपंच लाडा देवी ग्राम विकास अधिकारी महेश शोभावत, कनिष्ठ सहायक कमल रावत, कनिष्ठ अभियंता सुरेश यादव, सामाजिक अंकेक्षण दल ब्लॉक संसाधन निया रेगर, ग्राम संसाधन लक्ष्मी गुर्जर, रेखा डाबरिया, पंकज हिनोनिया, रीना प्रजापत, सामाजिक कार्यकर्ता सुखपाल चौधरी, रिद्धकरण चौधरी, रामप्रसाद चौधरी, उमेश शर्मा, प्रधान चौधरी, दिनेश चौधरी भवरलाल चौधरी, शैतान चौधरी, उपस्थित रहे,। इस दौरान ग्राम पंचायत टिहरी में विकास कार्यों को लेकर चर्चा हुई ।

## शुक्रवार से तीन दिनों के लिए संगीत, नृत्य उत्सव और फोटोग्राफी के 'सुर ताल' से सजेगा जवाहर कला केंद्र

### हवेली संगीत, कोरियोग्राफ्ड नृत्य, शास्त्रीय गायन, ओडिसी नृत्य, ग़ज़ल गायन से सराबोर होंगे जयपुरवासी

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** जवाहर कला केंद्र में शुक्रवार से तीन दिनों तक हवेली संगीत, कोरियोग्राफ्ड नृत्य, शास्त्रीय गायन, ओडिसी नृत्य और गजल गायन से जहां एक ओर सुरों की महफिल सजेगी तो वहीं दूसरी ओर नृत्य की ताल दर्शकों को रोमांचित करेगी ।

मौका है डेल्फिक काउंसिल ऑफ़ राजस्थान, पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र उदयपुर और उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र पटियाला के संयुक्त तत्वाधान में एवं जवाहर कला केंद्र के सहयोग से 6 से 8 सितंबर तक आयोजित होने वाले तीन दिवसीय उत्सव 'सुर ताल' का। जवाहर कला केंद्र के रंगायन और कृष्णायन में आयोजित होने वाले इस उत्सव की शुरुआत शुक्रवार, 6 सितंबर को प्रातः 10.30 बजे कृष्णायन सभागार में होगी।

डेल्फिक काउंसिल ऑफ़ राजस्थान की अध्यक्ष श्रीमती श्रेया गुहा ने बताया कि सुरताल उत्सव में तीन दिवसीय फोटोग्राफी कार्यशाला भी आयोजित की जाएगी जिसमें मुंबई के प्रसिद्ध फोटोग्राफर शिरीष कर्राले फोटोग्राफी के गुर सिखाएंगे। फोटोग्राफी कार्यशाला में अभ्यास आधारित प्रैक्टिकल सेशन होंगे और प्रतिभागी फोटोग्राफी के नए-नए पहलू सीखेंगे।

श्रीमती गुहा ने बताया कि सुर ताल उत्सव के पहले दिन (6 सितंबर) शाम 6.30 बजे आचार्य स्वामी गुरु रणछोड़लाल के हवेली संगीत से कार्यक्रम आरंभ होगा। उसके बाद दिल्ली के प्रसिद्ध कोरियोग्राफर संतोष नायर के 30 सदस्यीय दल द्वारा विभिन्न नृत्यों की आकर्षक प्रस्तुति दी जाएगी।

उत्सव के दूसरे दिन 7 सितंबर को जयपुर के ही शास्त्रीय गायक सौरव वशिष्ट की प्रस्तुति होगी। उसके बाद उदयपुर के ओडिसी गुरु कृष्णेनेंदु साहा के दल द्वारा ओडिसी नृत्य की कलात्मक प्रस्तुति होगी ।

' सुर ताल' के अंतिम दिवस ग़ज़ल की प्रस्तुति होगी। जिसमें डॉ प्रेम भंडारी, डॉ देवेंद्र हिरण व डॉ पामिल मोदी द्वारा ग़ज़लों की प्रस्तुति दी जाएगी । डॉ प्रेम भंडारी कवि और शायर होने के साथ साथ संगीत निर्देशक भी हैं।

रंगायन में कार्यक्रम का समय शाम 6.30 रहेगा तथा प्रवेश निःशुल्क होगा ।



### राजकीय महाविद्यालय वैर में मनाया शिक्षक दिवस



**चमकता राजस्थान /वैर (राजवीर सिंह)।** राजकीय महाविद्यालय वैर में भारत के प्रथम उप राष्ट्रपति सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णन के जन्मदिवस पर शिक्षक दिवस मनाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रोफेसर राम प्रसाद मीणा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ राजा प्रबुद्ध वर्धन, डॉ कविता मीणा, डॉ हरिओम अशोक, योगेंद्र, रहे।भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्ण के जीवन के योगदानों के बारे में प्रकाश डाला। इस मौके पर छात्र प्रतिनिधि लोकेंद्र सिंह जाटव,अरुण सैनी, करण सिंह जाटव सहित सैकड़ों की संख्या में छात्र उपस्थित रहे।

### शिक्षक दिवस पर ब्लॉकस्तरीय समारोह में शिक्षकों का किया सम्मान



**चमकता राजस्थान। नदबई,(राजवीर सिंह)।** कृषि मंडी समीप निजी मैरिज होम में नगर पालिकाध्यक्ष हरवती सिनसिनवार की अध्यक्षता व प्रधान मुन्नीदेवी के मुख्य आथित्य में शिक्षक दिवस पर ब्लॉकस्तरीय समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें रिटा. शिक्षक मोहनसिंह करकला, विक्रम सिंह फौजदार, बाबूलाल तंवर व सीबीईओ सुरेश भातरा विशिष्ठ अतिथि के रूप में शामिल हुए। समारोह में पालिकाध्यक्ष व प्रधान ने सभ्य समाज की स्थापना के लिए शिक्षकों को मुख्यधुरी बताते हुए शिक्षकों को ईमानदारी से कार्य करने को कहा। वही, शिक्षकों की समस्याओं के समाधान को लेकर हरसंभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। बाद में शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर शिक्षिका राजेश गौतम व नीलम कुमारी का सम्मान किया गया। समारोह में आरपी तुलसीराम, मनु चौधरी, हरीश चौधरी, सुरेश चौधरी आदि मौजूद रहे।

## देश विरोधी गतिविधियों में लगे हैं अर्बन नक्सली, राष्ट्र सर्वोपरि भाव के साथ काम करें शिक्षक : निम्बाराम

चमकता राजस्थान

**दौसा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र प्रचारक निम्बाराम ने कहा कि प्राचीन काल से ही समाज में शिक्षकों का सम्मानजनक स्थान व भूमिका रही है। ऐसे में शिक्षकों की जिम्मेदारी बनती है कि वे युवा पीढ़ी को शिक्षा देने के साथ देश व समाज के सामने मौजूद चुनौतियों से भी अवगत कराए। उन्होंने कहा कि समाज परिवर्तन के लिए हमारी क्या भूमिका है, इस पर सभी को विचार करना चाहिए। देश हमें देता है सब कुछ, हम भी तो कुछ देना सीखें... यह भाव हमेशा याद रहना चाहिए। वे गुरूवार को शिक्षक दिवस के अवसर पर दौसा के गेटोलाव रोड़ स्थित आदर्श विद्या मंदिर में आयोजित आचार्य सम्मान समारोह को बतौर मुख्य वक्ता सम्बोधित कर रहे थे।





उन्होंने कहा कि आज भी समाज में अनेकों विषमताए व्याप्त हैं। उन्हें दूर करने के लिए राष्ट्रीय विचार का स्मरण रखते हुए समाज के अभावग्रस्त वर्ग के उत्थान के लिए काम करना होगा। हमें राष्ट्र भावना के मूल लक्षय को लेकर काम करना है। वर्तमान में अंग्रेजी शिक्षा को लेकर कई तरह चर्चाएं होती हैं। हमारे प्रदेश में हिंदी भाषा माध्यम की ही प्रमुखता है। शिक्षा में भाषा माध्यम बदलने से ही गुणवत्ता आएगी, इस धरणा से बाहर निकलना होगा। वर्तमान में प्रतिस्पर्धा के दौर में नवाचार करने होंगे। विद्या मंदिरों में पढ़ने वाले अनेकों छात्र भी बड़े प्रशासनिक ओहदों पर हैं। ऐसे में समाज के लोगों को भी आवश्यकता महसूस होती है कि गुणवत्ता युक्त शिक्षा के साथ संस्कार देने वाले विद्यालय होने चाहिए।

### जीवन में विनम्रता होना जरूरी

क्षेत्र प्रचारक ने कहा- जीवन में विनम्रता अवशय होनी चाहिए। युगानुकूल परिवर्तन वर्तमान की आवशयकता है और यह प्राचीन समय से ही चला आ रहा है। उन्होंने कहा- लंबे संघर्ष के बाद देश के लोगों में राष्ट्रीय भाव जागृत तो हुआ लेकिन अर्बन नक्सल विचार के लोग आज भी देश विरोधी गतिविधियों में लगे हुए हैं। इसलिए हमें विचार के प्रति दृढता रखते हुए समाज को जोड़ना होगा।

संघ ने शताब्दी वर्ष में पंच प्रण का आह्वान किया है कि सामाजिक समरसता, स्वदेशी, पर्यावरण, कुटुंब प्रबोधन व नागरिक कर्तव्य आदि विषयों को समाज में लागू करने के साथ हमें अपने परिवारों में व्यवहार में लाना होगा। ऐसे में सभी को राष्ट्र सर्वोपरि के भाव के साथ काम करना होगा।

कार्यक्रम में 678 शिक्षकों का सम्मान किया गया, साथ ही भामाशाहों व प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया गया। इस दौरान विद्या भारती के प्रान्त मंत्री डॉ. ब्रजमोहन वर्मा, संघ के विभाग सह संघचालक प्यारेलाल मीणा, जिला संघचालक भगवान सहाय सैनी, जिला समिति अध्यक्ष मोतीलाल सैनी, व्यवस्थापक राजेन्द्र सोनी समेत बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।

# राज्य में निवेश को सुविधाजनक बनाने, कंपनियों से निवेश के लिए एमओयू (MoUs) करने, और विभागीय प्री-समिट आयोजित करने के लिए करें उचित तैयारी: मुख्य सचिव सुधांश पंत

## प्रमुख क्षेत्रों में निवेश के उचित अवसरों की जांच और विस्तार प्राथमिकता के आधार पर करें तथा नई नीतियों को जल्द से जल्द अंतिम रूप दें : मुख्य सचिव सुधांश पंत

**चमकता राजस्थान**

जयपुर, 05 सितंबर। मुख्य सचिव सुधांश पंत ने गुरूवार को 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 से जुड़े सभी विभागों के प्रमुखों को राज्य में निवेश को सुविधाजनक बनाने, अपने क्षेत्रों के निवेशकों के साथ एमओयू (टङ्कव२) करने, और संबंधित विभागीय प्री-समिट को अच्छे से अच्छे तरीके से आयोजित करने का निर्देश दिया। विभिन्न क्षेत्रों के विभागीय प्री-समिट अक्टूबर-नवंबर में आयोजित किए जाने हैं।

सरकार के विभिन्न विभागों के प्रमुखों के साथ आज एक उच्च-स्तरीय बैठक में 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 की तैयारियों की व्यापक समीक्षा करते हुए मुख्य सचिव श्री पंत ने कहा कि 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके लिए सभी विभागों को कमर कसने की जरूरत है। इस बैठक में माननीय मुख्य सचिव ने सभी विभागों के प्रमुखों को उनके विभाग से संबंधित निवेश योग्य अवसरों की सूची को प्राथमिकता के आधार पर जांच व विस्तार करने, और अपने विभाग की नई नीतियों को जल्द से जल्द अंतिम रूप देने को भी कहा। इन क्षेत्रों में अक्षय ऊर्जा, ऊर्जा उत्पादन, शिक्षा, खनन, बुनियादी ढांचे आदि शामिल हैं।

मुख्य सचिव पंत की अध्यक्षता में आयोजित इस उच्च स्तरीय बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा लाए जाने वाले नए नीतियों की तैयारी, प्रमुख बुनियादी ढांचे, लॉजिस्टिक्स से जुड़ी बातों और निवेश के अवसरों का भी आकलन किया गया। इस समीक्षा बैठक के दौरान पर्यटन, परिवहन, जल संसाधन, पीएचईडी, ऊर्जा, स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, खान, कृषि, पीडब्ल्यूडी, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, आईटी आदि कई विभागों के प्रमुख और सचिव मौजूद थे।



### 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के बारे में

'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 का आयोजन इस साल 9, 10 और 11 दिसंबर को राजधानी जयपुर में होगा। इसका आयोजन राजस्थान सरकार के तत्वाधान में उद्योग एवं वाणिज्य विभाग, ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टमेंट प्रोमोशन (बीआईपी) और राजस्थान स्टेट इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट एंड इन्वेस्टमेंट कॉरपोरेशन (रीको) के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है, जिसका नोडल विभाग बीआईपी है। इस इन्वेस्टमेंट समिट के पहले इन्वेस्टर मीट, जो मुंबई में 30 अगस्त को आयोजित हुआ था, के दौरान राजस्थान सरकार ने विभिन्न कंपनियों के साथ 4.5 लाख करोड़ से अधिक के एमओयू (MoUs) साइन किया था।

इस त्रि-दिवसीय मेगा समिट का उद्देश्य देश-विदेश की बड़ी-छोटी कंपनियों, अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं और निवेशकों को राज्य में आ कर काम करने के लिए आमंत्रित करना, प्रदेश में विभिन्न तरह के उद्योग-धंधे लगाने में मदद करना और अनय सुविधाएँ मुहैय्या कराना है। इस ग्लोबल समिट के दौरान कृषि, अक्षय ऊर्जा, शिक्षा और कौशल, ऑटो और ईवी (इलेक्ट्रिक व्हीकल्स), इंफ्रास्ट्रक्चर, केमिकल और पेट्रो-केमिकल, पर्यटन, स्टार्टअप, खनन और ईएसडीएम/आईटी और आईटीईएस (ESDM/IT and ITeS) सहित विभिन्न क्षेत्रों पर विशेष सत्र का आयोजन होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### राजाखेड़ा शिक्षक दिवस पर ब्लॉक स्तरीय सम्मान समारोह आयोजित



**चमकता राजस्थान। धौलपुर (रामदास तरुण)।** राजाखेड़ा उपखंड के गांव बड़ी सिंघावली राजकीय उच्च माध्यमिक विधालय में शिक्षक दिवस के अवसर पर ब्लॉक स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन हुआ।कार्यक्रम की संयोजक व सीबीईओ ममता गुप्ता ने बताया कि राज्य सरकार की शिक्षक सम्मान योजना के अंतर्गत ब्लॉक स्तर पर 9 से 12 में सतेंद्र सिंह चंदेल वरिष्ठ अध्यापक राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बड़ी सिंघावली को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर ब्लॉक स्तर पर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बड़ी सिंघावली के प्राचार्य मुकेश चंद शर्मा द्वारा की गई कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सीबीईओ ममता गुप्ता, विशिष्ट अतिथि कार्यवाहक सीबीआई चरण सिंह, आरपी काले खान रहे। कार्यक्रम में मंच संचालन राकेश शर्मा आचार्य द्वारा किया गया।इस अवसर पर देवयानी शर्मा, पूजा यादव, प्रसंसा कुमारी, प्रियंका शर्मा, दीपिका झा, शिल्पा शर्मा व राजेंद्र सिंह मौजूद रहे।

### शिक्षाविद प्रभाकर दीक्षित का किया नागरिक अभिनंदन



**चमकता राजस्थान। धौलपुर( रामदास तरुण)।** बाड़ी आज शिक्षक दिवस पर पूर्व प्रधानाचार्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी प्रभाकर दीक्षित एवं शिक्षक राजेश राजोरिया का सम्मान किया गया!

भारत के पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन मेनन के जन्म दिवस को सरकार शिक्षक दिवस के रूप में मनाती है! इस अवसर पर बाड़ी के पूर्व प्रधानाचार्य एवं शिक्षा अधिकारी प्रभाकर दीक्षित एवं शिक्षक राजेश राजोरिया का नागरिक अभिनंदन किया गया! उन्होंने बताया की दीक्षित ने शिक्षा विभाग में 40 वर्ष सेवा देकर शिक्षा के विभिन्न क्षेत्रों में एक श्रेष्ठ शिक्षक के रूप में अपनी पहचान बनाई है! इस अवसर पर राधे श्याम गर्ग अध्यक्ष अग्रवाल समाज बाड़ी ने कहा के शिक्षक का स्थान ब्रह्मा विष्णु महेश भगवान से भी बड़ा है।एक शिक्षक डॉक्टर, इंजीनियर बिजनेसमैन वकील आदि बना सकता है, लेकिन यह सब मिलकर एक शिक्षक नहीं बना सकते। डॉ. सुरेश मंगल ने कहा कि प्रेरणा देने वाले ,सूचना देने वाले, रास्ता दिखाने वाले, शिक्षा देने वाले और बोध कराने वाले सभी गुरु समान है। मैं आज गुरुओं का सम्मान करता हूं। राधेश्याम गोयल अल्प बचतअभिकर्ता ने कहा कि शिक्षक कभी सामान्य नहीं होता प्रलयऔर निर्माण उसकी गोदी में खेलते हैं । इस अवसर पर पूर्व अधिशाषी अभियन्ता गोपीलाल मित्तल, अनूप कुमार गोयल, शिव शंकर मंगल आदि मौजूद थे।

### राजाखेड़ा ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई का हुआ

- **आयोजन,34 परिवादों में बिजली, पानी और सड़क मुख्य समस्या**



**चमकता राजस्थान। धौलपुर(रामदास तरुण )।** राजाखेड़ा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत सामौर में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन राजीव गांधी सेवा केंद्र पर आयोजित किया गया! जिसमें ग्रामीण महिला, पुरुष एवं नागरिकों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया!जनसुनवाई का उद्देश्य एवं सरकार की मंशा है!कि जन भावना के अनुरूप पारदर्शी वातावरण में आमजन की समस्याओं एवं परिवेदनाओं की सुनवाई एवं तुरंत समाधान हो जनसुनवाई में लगभग 34 परिवाद प्राप्त हुए, कुछ परिवाद का मौके पर ही निस्तारण किया गया! मुख्य परिवाद बिजली के ढीले तार जल जीवन मिशन के अंतर्गत पाइपलाइन डालने पर टूटी सड़क की मरम्मत चारागाह पर अतिक्रमण संबंधी आदि परिवाद प्राप्त हुए। इस अवसर पर जयंतीलाल मीणा, विश्व देव पांडे तहसीलदार टिकेन्द्र सिंह, कार्यवाहक बीडीओ रामदीन गुर्जर, सीडीपीओ अवनीश कुमार, नायब तहसीलदार उम्मेद सिंह, पटवारी मिनाक्षी मालवी, संजय पचौरी, प्रमोद शर्मा सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## ग्राम पंचायत पर जनसुनवाई आयोजित






**चमकता राजस्थान/रघुनंदन पारीक**

/श्रीनगरः- राज्य सरकार के निर्देशानुसार गुरुवार को श्रीनगर एव जिलावड़ा ग्राम पंचायत मुख्यालय पर नायब तहसीलदार श्रीनगर रामनिवास गोदारा की मौजूदगी में ग्रामीणों की समस्याओं की निराकरण के लिए जनसुनवाई का आयोजन किया गया। श्रीनगर सरपंच दिलीप राठी एवं जिलावाड़ा सरपंच रफीक शाह ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर निराकरण किया गया। श्रीनगर ग्राम पंचायत जनसुनवाई के दौरान ग्रामीणों ने राष्ट्रीय राजमार्ग खेड़ा चौराहे पर जयपुर व भीलवाड़ा जाने के लिए यात्रियों के लिए यात्री प्रतीक्षालय की मांग की है । यात्री प्रतीक्षा लेकर अभाव में बस यात्री हाईवे पर खड़े रहकर बस का इंतजार करते हैं। जिसके कारण दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। जन्म मृत्यु, प्रमाण पत्र बनाने की मांग की । जनसुनवाई में पटवारी कमल, ग्राम विकास अधिकारी सुनीता शर्मा ,कनिष्ठ सहायक जगदीश गुर्जर, सहायक कर्मचारी भंवर माली, मौजूद रहे । जिलावडा ग्राम पंचायत मुख्यालय पर आयोजित जनसुनवाई में ग्राम विकास अधिकारी अजय पारीक, सरपंच रफीक शाह , उपसरपंच बरकत बेग , शिक्षा विभाग से प्रधानाचार्य रामनिवास गालव, महिला एवं बाल विकास विभाग से आशा सहयोगिनी सुमित्रा, हुसैन बैग, नाथू बेग, नाथू बेग, दिलदार बेग, उम्मीद बेग,समीना बेगम ,इकराम बेग मौंजूद, रहे।ग्रामीणों ने बताया कि श्रीनगर से जिलावडा सड़क मार्ग पर राज्य सरकार की ओर सेआवागमन का कोई साधन मौजूद नहीं है। ग्रामीणों को जान जोखिम में डालकर अवैध वाहनो में यात्रा करनी पड़ रही है। विशेष रूप से महिलाओं को आवागमन का साधन नहीं होने के कारण खासी परेशानी उठानी पड़ रही है। साधनविद्युत विभाग द्वारा सुनवाई नहीं करने पर विद्युत विभागिय यह समस्या अवगत कराई, ।ग्रामीणों ने बीसलपुर योजना के तहत घर-घर जल कनेक्शन देकर पेयजल समस्या का निराकरण कर ग्रामीणों को लाभान्वित करने की मांग की है। घर-घर नल कनेक्शन की मांग की है ।

## दिव्यांगजनों के लिए लगा शिविर, कृत्रिम अंग और सहायक उपकरण वितरण के लिए 68 चिंहित

### चिन्हित 68 दिव्यांगजनों को 17 सितंबर को वितरित किए जाएंगे कृत्रिम सहायक उपकरण

**चमकता राजस्थान**


कोटपूतली-बहरोड़,(धर्मेंद्र बंसल)5 सितंबर। कोटपूतली-बहरोड़ जिले में दिव्यांगजनों की मदद के लिए भारत सरकार की एडिप योजना अंतर्गत कृत्रिम और सहायक उपकरण प्रदाय करने के लिए पंजीयन शिविर का आयोजन किया गया नीमराना के पंचायत समिति भवन में इस शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर के लिए नीमराना उपखंड प्रशासन, सामाजिक न्याय विभाग और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने भी सहयोग प्रदान किया। इस पंजीयन शिविर में 150 से ज्यादा दिव्यांगजनों ने अपना पंजीयन कराया इसके बाद इस शिविर में 68 दिव्यांजनों को पात्र पाते हुए कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण के लिए चिंहित किया गया। आने वाली 17 सितंबर को चिन्हित 68 दिव्यांग जनों को सहायक उपकरण दिए जाएंगे।



भारत सरकार की एडिप योजना अंतर्गत दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग और सहायक उपकरण प्रदान करने के लिए एलिम्को कानपुर के माध्यम से चिन्हांकन शिविर आयोजित किया गया जिसमें डॉक्टर और अन्य विशेषज्ञों के द्वारा दिव्यांगजनों का चिन'ंकन किया गया।सामाजिक न्याय विभाग के सहायक निदेशक रमेश दहमीवाल ने बताया कि इस एक दिवसीय शिविर में जिले भर से दिव्यांगजनों ने अपना पंजीयन कराया। शिविर में सभी पात्र दिव्यांगों का परीक्षण कर उनके आवश्यक दस्तावेजों को प्राप्त कर उनका पंजीयन किया गया। अब 17 सितंबर को एलिम्को कानपुर की मदद से पात्र दिव्यांगजनों को उपकरण का वितरण किया जाएगा।इससे पूर्व नीमराना पंचायत समिति प्रधान संतोष यादव तथा उपखंड अधिकारी पंकज बडगूर्जर ने आशान्वित ब्लॉक नीमराना में एकदिवसीय शिविर का उद्घाटन किया तथा केंद्र तथा राज्य सरकार द्वारा दिव्यांग जनों के लिए संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की गई तथा प्रशासन द्वारा सभी योजनाओं का लाभ दिव्यांग जनों को लाभान्वित करने के लिए प्रशासन सदैव प्रतिबद्ध है।

## केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री चौधरी ने किये बाबा रामदेव के दर्शन

- **रामदेव मेला कमेटी ने किया कृषि राज्य मंत्री चौधरी का स्वागत-अभिनंदन**





**चमकता राजस्थान /रघुनंदन पारीक श्रीनगर।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने लोक देवता बाबा रामदेव जी के जन्मोत्सव पर दर्शन कर देश एवं प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। लोक देवता बाबा रामदेव जी के जन्मोत्सव भादवा बीज पर हर वर्ष भरता है मेला, बाबा के दर्शन हेतु अनेक राज्यो से जातरुओं का होता है आगमन अजमेर एवं नागौर की सीमा पर स्थित खुंडियावास में लोक देवता बाबा रामदेव के मंदिर स्थित है

मेला कमेटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कृषि राज्य मंत्रीचौधरी ने शिरकत कर आयोजको को शुभकामनाएं दी। केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि मेले हमारी सांस्कृतिक धरोहर है, हमारी संस्कृति की पहचान है, मेले सामाजिक सद्भाव को और अधिक प्रगाढ़ करते है। धार्मिक मेलो से जन जन में एकता, सामूहिकता का भाव भी जागृत होता है,इस दौरान राजस्थान सरकार में कैबिनेट मंत्री सुरेश सिंह रावत भी उनके साथ रहें।

## मातृ, शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस पर टीकाकरण सत्रों का आयोजन.

**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी) जयपुर प्रथम।** मातृ, शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस पर गुरूवार को जिले में विभिन्न चिकित्सा संस्थानों पर टीकाकरण सत्रों का आयोजन किया गया। इसमे बड़ी संख्या में गर्भवती महिलाओं और बच्चों को टीकाकरण की सेवाएं प्रदान की गई। सत्रों के दौरान मौसमी बीमारियों के रोकथाम की जानकारी दी गई।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम डॉ. विजय सिंह फौजदार ने बताया कि जिले में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, आंगनवाड़ी केंद्रों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में गुरुवार को एमसीएचएन डे पर टीकाकरण सत्रों का आयोजन कर गर्भवती महिलाओं और बच्चों को टीके लगाए गए। इस मौके पर गर्भवती महिलाओं और परिजनों को मौसमी बीमारियों से बचाव व रोकथाम के विषय में बताया गया । इसके साथ ही टीकाकरण सत्रों की जिला एवं ब्लॉक स्तर से प्रभावी मॉनिटरिंग की गई।



### डेटा खपत में 155वें से पहले स्थान पर पहुंचा भारत

# जियो के 8 साल पूरे, डेटा खपत में 73 गुना वृद्धि

## जियो एनिवर्सरी ऑफर के तहत चुनिंदा रिचार्ज पर मिलेगा 700 रुपए तक का फायदा

**चमकता राजस्थान**

नई दिल्ली, 5 सितंबर, 2024: टेलीकॉम सेक्टर की दिग्गज कंपनी रिलायंस जियो ने 5 सितम्बर को अपने लॉन्च की 8वीं सालगिरह मनाई। ट्राई के मुताबिक, जियो के लॉन्च से पहले हर भारतीय ग्राहक एक महीने में मात्र 410 एमबी डेटा इस्तेमाल किया करता था। लेकिन अब केवल जियो के नेटवर्क पर डेटा खपत का आंकड़ा 73 गुना से भी अधिक बढ़कर 30.3 जीबी प्रतिमाह प्रति ग्राहक के आश्चर्यजनक स्तर पर जा पहुंचा है, यानी रोजाना 1 जीबी प्रति ग्राहक प्रतिदिन से भी अधिक।

13 करोड़ 5जी ग्राहकों के साथ जियो का ग्राहक बेस 49 करोड़ हो गया था। आज जियो नेटवर्क दुनिया का सबसे बड़ा मोबाइल ट्रैफिक डेटा नेटवर्क है। दुनिया का 8 प्रतिशत मोबाइल डेटा ट्रैफिक जियो नेटवर्क पर चलता है। जियो यूजर्स 148.5 बिलियन जीबी डेटा की खपत कर लेते है, जो देश के कुल डेटा खपत का 60 प्रतिशत है। जियो के चलते भारत डेटा खपत के मामले में 155वें से पहले स्थान पर पहुंच गया है।




### जियो एनिवर्सरी ऑफर

» जियो ने अपनी 8वीं सालगिरह पर एनिवर्सरी ऑफर पेश किया है। चुनिंदा रिचार्ज प्लान्स पर 700 रुपए तक का फायदा मिल सकता है। 899 और 999 रुपए के तिमाही प्लान और 3599 रुपए के वार्षिक प्लान पर यह ऑफर 5 से 10 सितंबर के बीच रिचार्ज करने पर मिलेगा।

# कोटा शहर मे चला पीला पंजा : हार्डकोर हिस्ट्रीशीटर हजरत अली उर्फ गुड्डू के अवैध कब्जे को किया ध्वस्त

## हार्डकोर बदमाश व इसके पांच भाइयों पर 125 से अधिक संगीन आपराधिक प्रकरण दर्ज है, 1717 गैंग का है सक्रिय सदस्य

चमकता राजस्थान

**जयपुर/कोटा।(खलील कुरैशी) 05 सितम्बर।** कोटा शहर के थाना उद्योग नगर इलाके में हार्डकोर बदमाश व हिस्ट्रीशीटर हजरत अली उर्फ गुड्डू पुत्र रमजान अली (49) निवासी गोविंद नगर थाना उद्योग नगर द्वारा सरकारी जमीन पर कब्जा कर बना रखे दुकान व कारखाने को गुरुवार को जिला पुलिस व प्रशासन की टीम में बुलडोजर चला कर जमींदोज कर दिया।सिटी एसपी डॉ अमृता दुहन ने बताया कि गुरुवार सुबह की गई इस कार्रवाई में जिला प्रशासन की टीम के साथ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिलीप सैनी के निर्देशन व सीओ वृत्त पंचम दिलीप सैनी के सुपरविजन में एसएचओ उद्योग नगर जितेन्द सिंह, एसएचओ बोरखेडा रामलक्ष्मण, एसएचओ रानपुर भंवर सिंह व एसएचओ विज्ञान नगर पुष्पेन्द्र सिंह मय जाप्ते के उपस्थित थे। सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा की गई जमीन की कीमत 25 लाख रुपए बताई जा रही है।एसपी डॉ दुहन ने बताया कि हजरत अली उर्फ गुड्डू थाना उद्योग नगर का हिस्ट्रीशीटर व हार्ड कोर बदमाश है, इसके विरुद्ध संगीन धाराओं के कुल 48 मुकदमे व इसी थाने के हिस्ट्रीशीटर भाई जाहिद अली के विरुद्ध कुल 55 प्रकरण दर्ज है। अन्य भाई इसरार अली, साबिर अली, विकार अली व उमराव अली भी आपराधिक प्रवृति के है, जिनके विरूद्ध भी विभिन्न थानों मे आपराधिक प्रकरण दर्ज है।हार्डकोर हिस्ट्रीशीटर हजरत अली उर्फ गुड्डू 1717 गैंग का सक्रिय सदस्य भी है, गैंग के विरूद्ध कुल 60 से अधिक प्रकरण दर्ज है।डॉ दुहन ने बताया कि हार्डकोर हिस्ट्रीशीटर हजरत अली उर्फ गुड्डू ने अपने आपराधिक प्रभाव का इस्तेमाल कर गोविन्द नगर अण्डर पास के पास कोटा विकास प्राधिकरण की सरकारी भूमि पर कब्जा कर एक दुकान व गोविन्द नगर पानी की टंकी के पास एक कारखाना टाईप निर्माण कर दूसरा अतिक्रमण किया गया था। जिसको आज प्रशासन द्वारा बुल्डोजर चलाकर जमींदोज किया गया है।उन्होंने बताया कि अपराधिक तत्वों के विरूद्ध प्रशासन के सहयोग से इस तरह की विधिक कारवाई भविष्य मे जारी रहेगी।






## संक्षिप्त समाचार

### डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया



**चमकता राजस्थान। कोटपूतली बहरोड (धर्मेंद्र बंसल)।** कोटपूतली कस्बें के. जी.पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल प्रांगण में शिक्षक दिवस संस्था के निदेशक धर्मेंद्र बंसल की अगुवाई में बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जैसे ही 5 सितंबर आता है, स्कूलों में शिक्षक दिवस की तैयारी शुरू कर दी जाती और इस दिवस को स्कूलों में बड़े ही धूमधाम से मनाते हैं। इस महापर्व को मनाने का एक मुख्य कारण है कि इस दिन डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म दिवस था जो कि भारत देश के द्वितीय राष्ट्रपति भी रहे हैं साथ ही एक महान शिक्षक भी थे। इस उपलक्ष्य पर आज यह दिवस बहुत ही धूमधाम से मनाया गया।इस मौके पर विद्यार्थियों ने शिक्षकों को गिफ्ट देकर उन्हें सम्मानित कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया साथ ही इस मौके पर कोटपूतली के केनरा बैंक के सीनियर मैनेजर एवं अधिकारी भी मौजूद रहे, जिन्होंने यहां कार्यरत शिक्षकों को सम्मानित किया तथा उपहार स्वरूप उन्हें गिफ्ट भी प्रदान की। विद्यालय की प्रधानाचार्य पारस बंसल द्वारा छात्रों को डॉक्टर सर्वपल्ली के जीवन के बारे में बताया गया तथा इस महान विभूति के ऊपर 200 शब्दों का एक निबंध लिखकर लाने के लिए कहा। इस मौके पर अध्यापक-अध्यापिकाओं में एड मुकेश कुमार यादव, मुकेश कुमार गुर्जर, राजेश पटेल, लाल चंद, रोहित कुमारशर्मा, अजय कुमार सैनी, रामेश्वर कसाना, सोनम खान, रितिका यादव, तारा मीना, मोनिका शर्मा, साक्षी चौहान, पायल चौहान, धोली देवी, ज्योति एवं गौरव बंसल शाहिद विद्यालय के छात्र-छात्रा उपस्थित रहे।

### तेलंगाना में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच भीषण मुठभेड़, 6 माओवादी ढेर; 2 जवान घायल

**हैदराबाद/एजेंसी।** देश के विभिन्न राज्यों में सक्रिय नक्सलियों और माओवादियों को खत्म करने की दिशा में सुरक्षाबलों को गुरुवार को बड़ी कामयाबी मिली है। जानकारी के मुताबिक, तेलंगाना के भद्राद्रि कोठागुडेम जिले पुलिस और के साथ माओवादियों की मुठभेड़ हई। इस मुठभेड़ में 6 माओवादी मारे गए जबक 2 सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, इनमें से एक जवान की हालत गंभीर है और उसका इलाज चल रहा है।तेलंगाना राज्य के भद्राद्रि कोठागुडेम जिले के अधीक्षक रोहित राज ने जानकारी दी थी कि गुरुवार 5 सितंबर की सुबह भद्राद्री कोठागुडेम जिले में पुलिस और माओवादियों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि इस मुठभेड़ में 6 नक्सली मारे गए हैं। वहीं, 2 जवान घायल भी हो गए हैं। वहीं इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

### जागरण से लौट रहे युवकों की बाइकें कार से टकराई, एक ही गांव के 6 सदस्यों की मौत

**श्रीगंगानगर/एजेंसी।** राजस्थान के श्रीगंगानगर में बुधवार देर रात एक भीषण सड×क हादसा हो गया। हादसे में एक ही गांव के 6 युवकों की मौत हो गई। यह हादसा श्रीविजयनगर थाना इलाके में हुआ। बख्तावरपुरा गांव ये सभी लोग जागरण में गए हुए थे।वहां से लौटते समय यह भीषण हादसा हो गया। हादसे की खबर मिलते ही पुलिस और बख्तावरपुरा गांव के लोग मौके पर पहुंचे। मृतकों के शवों का आज पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। जानकारी के मुताबिक हादसा श्रीविजयनगर में बुधवार देर रात करीब 2 बजे हुआ। बख्तावरपुरा गांव के 6 युवक दो बाइक पर पास में आयोजित जागरण में शामिल होकर वापस गांव से लौट रहे थे। उसी दौरान दोनों बाइक 25त्रक्कबस स्टैंड के पास एक कार से जा टकराई। भिड़ंत इतनी तेज थी कि युवक दूर-दूर तक जाकर गिरे। हादसे में तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस और ग्रामीणों ने शवों और घायलों को श्रीविजयनगर के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। वहां तीनों घायलों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद श्रीगंगानगर रेफर कर दिया गया।

# जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक शांतनु कुमार के निर्देशन में शाहपुरा पुलिस थाने ने करी प्रभावी कार्रवाई

## शातिर मोटरसाईकिल चोर गिरफ्तार, शातिर वाहन चोर पोखराज उर्फ भाया सैनी गिरफ्तार

चमकता राजस्थान

शाहपुरा (खलील कुरैशी) जिला पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण शान्तनू कुमार सिंह आईपीएस के द्वारा जिले में चलाये जा रहे वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी एवं चोरी की वारदातों का खुलासा अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) हरिप्रसाद आरपीएस वृत्ताधिकारी शाहपुरा उमेश कुमार निठारवाल आरपीएस के निकटतम सुपरविजन में रामलाल पु.नि. थानाधिकारी शाहपुरा के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने पुलिस थाना शाहपुरा से रिधी सिधी गार्ड के सामने से दिनांक 27/11/2023 को मोटरसाईकिल चुराने वाले शातिर वाहन चोर पोखराज उर्फ भाया सैनी को गिरफ्तार किया है।

घटना का विवरणः- दिनांक 29.11.2023 को परिवादी सांवरमल सैन र/ड मदनलाल जाति नाई उम्र




38 साल निवासी शेरपुरा खोरी थाना शाहपुरा जिला जयपुर ने रिपोर्ट पेश की कि मेरी मोटरसाईकिल नं. फ्ख-52-रुऊ2224 को दिनांक 27/11/2023 को रिधी सिधी गार्डन शाहपुरा के सामने खड़ी करके गार्डन के अन्दर खाना खाने के लिये चला गया और करीब 30 मिनट बाद आकर देखा तो मुझे मेरी मोटरसाईकिल नही मिली। मोटरसाईकिल को कोई अज्ञात चोर चुरा कर ले गया। आदि रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर माल मुल्जिमान की तलाश शुरू की गयी।पुलिस टीम द्वारा किये गये प्रयासः मोटरसाईकिल चुरा कर ले जाने वाले मुल्जिमान की तलाश के लिये अलग अलग टीमें बनाकर तलाश की गयी एवं मामूर मुखबीर तंत्र के आधार पर अभियुक्त संदीप उर्फ कालू माली को चोरी की मोटरसाईकिल सहित पूर्व में गिरफ्तार किया जाकर पेश न्यायालय किया गया। उक्त चोरी की घटना में शामिल अभियुक्त संदीप उर्फ कालू माली का दूसरा साथी पोखराज उर्फ भाया सैनी घटना के बाद से अपने मशकन से फरार हो गया।तत्पश्चात टीम में शामिल सदस्यों द्वारा मोटरसाईकिल चोरी की वारदात में शामिल दूसरे अभियुक्त पोखराज उर्फ भाया सैनी की तलाश जगह बजगह की गयी। मुखबीर मामूर किये गये। आसूचना तंत्र एवं तकनीकी साधनों की सहायता से मुकदमा हाजा की मोटरसाईकिल चोरी की घटना में शामिल 10 माह से फरार चल रहे मुल्जिम संदीप उर्फ भाया सैनी को गिरफ्तार किया है।

### गिरफ्तार किये गये अभियुक्त का विवरण-

» 1. पोखराज उर्फ भाया पुत्र सुरेश कुमार सैनी जाति माली उम्र 19 साल निवासी वार्ड नं. 05 नई कोठी उपला बाढ थाना शाहपुरा जिला जयपुर

### पूर्व में गिरफ्तार किये गये अभियुक्त का विवरण-

» 1. संदीप उर्फ कालू पुत्र कमलेश जाति माली उम्र 19 साल निवासी उपला बाढ शाहपुरा थाना शाहपुरा जिला जयपुर

### पुलिस टीम का विवरणः-

» (1) रामलाल पु.नि. थानाधिकारी पुलिस थाना शाहपुरा जिला जयपुर ग्रामीण(2.) सुभाष चन्द हैड कानि. 626 पुलिस थाना शाहपुरा जिला जयपुर ग्रामीण(3). राकेश कानि. 1423 थाना शाहपुरा जिला जयपुर ग्रामीण

## नागौर पुलिस ने किया बाइक चोर गिरोह का खुलासा

# वाहन चोर व दो खरीददार गिरफ्तार, चोरी की बिना नंबरी 30 बाइक जब्त

## वाहन चोर ने 2 साल में 70-80 बाइक चोरी करना स्वीकारा, नशे की लत व शौक मौज की पूर्ति के लिए करता था चोरी

चमकता राजस्थान

जयपुर/नागौर,( खलील कुरैशी) 05 सितंबर। नागौर जिले की स्पेशल टीम एवं मेड़ता रोड पुलिस की टीम ने वाहन चोरी की घटनाओं के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए एक वाहन चोर एवं चोरी के वाहन खरीदने वाले दो खरीददारों को गिरफ्तार कर 30 बिना नंबरी मोटरसाइकिल जब्त की है। गिरफ्त में आया वाहन चोर दिलीप बेड़ा नशे की लत एवं अपने शौक मौज की पूर्ति के लिए भीड़-भाड़ वाले स्थानों से दुपहिया वाहन चुराता था। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने पिछले दो सालों में 70 से 80 बाइक चुराना स्वीकार किया है।एसपी नारायण टोगस ने बताया कि 22 अगस्त को सदर बाजार निवासी प्रदीप सिंह द्वारा 20 अगस्त के दिन अज्ञात चोर द्वारा उसकी बाइक चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दी थी। वृत मेड़ता सिटी में हो रही वाहन चोरियों की रोकथाम एवं वारदात






पर अंकुश लगाने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार व सीओ पिंटू कुमार के सुपरविजन एवं डीएसटी प्रभारी विजय सिंह व एसएचओ मेड़ता रोड मोतीराम के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई।गठित टीम द्वारा घटनास्थल के आसपास तथा घटनास्थल पर आने जाने वाले रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज प्राप्त कर सन्दिग्ध आरोपी की पहचान सोशल मीडिया पर मुखबिरों से करवाई गई। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर वाहन चोर दिलीप उर्फ अजय जाट पुत्र भंवरलाल निवासी कटौती थाना जायल को मेड़ता शहर से दस्तयाब कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गयापूछताछ में आरोपी दिलीप बेडा ने जिला नागौर के कस्बा मेड़ता रोड, मेड़ता सिटी, गोटन व जायल, जिला डीडवाना कुचामन के मकराना व लाडनूं एवं जिला जयपुर व सीकर के विभिन्न जगहों से दो वर्षों में 70 से 80 मोटरसाइकिल चोरी कर अपने साथी यूनुस खान व नौशाद अली को बेचना बताया। इस सूचना पर बुधवार को टीम ने दोनों खरीददारों नौशाद अली पुत्र बरकत अली (25) निवासी खाटू बड़ी जिला नागौर एवं यूनुस खान पुत्र शेर मोहम्मद (19) निवासी शेरानी आबाद थाना खुनखुना जिला डीडवाना कुचामन को गिरफ्तार कर तीनों आरोपियों की निशानदेही से कुल 30 बिना नंबरी मोटरसाइकिल बरामद की गई।

### एवीवीएनएल के प्रबंध निदेशक को पोल्ट्री फार्मर्स ने दिया ज्ञापन



**चमकता राजस्थान। अजमेर।** ऑल राजस्थान पोल्ट्री फार्मर्स सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. राजकुमार जयपाल के नेतृत्व में आज पोल्ट्री फार्मस ने अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के प्रबंधक निदेशक कमल प्रकाश को ज्ञापन देकर पोल्ट्री फार्मर्स की समस्याओं के बारे में अवगत कराया गया !विद्युत वितरण निगम लिमिटेड द्वारा A.G.P. (Agriculture Poultry) कनेक्शन को NDS (Non Domestic Service) में परिवर्तित कराने के नोटिस दिये जा रहे है। ठऊ में सिंगल फेस बिजली मिलेगी जिससे फार्मर्स पर आर्थिक भार भी बढेगा जो कि पॉल्ट्री फार्मर्स के साथ कुठाराघात होगा। क्योंकि पॉल्ट्री लाइव बर्डस है जिसमें दाना बनाने हेतु 3 फैस की आवश्कता होती है जिसमें विद्युत वितरण निगम द्वारा A.G.P. (Agriculture Poultry) में 6 घण्टे ही बिजली फार्मर्स को मिलेगी लेकिन ऑल राजस्थान पोल्ट्री फार्मर्स सोसाइटी को मांग है कि पॉल्ट्री फार्म पर A.G.P. (Agriculture Poultry) में 24 घंटे बिजली दी जाये। जैसा पूर्व में दी जा रही है। पॉल्ट्री फार्मर्स घाटे से उबारने की दिशा में मुर्गी पालन को सरकार का उपरोक्त सहयोग एवं प्रोत्साहन दिया जाना एक सराहनीय कदम होगा तथा प्रबंधक निदेशक महोदय द्वारा आश्वासन दिया गया है कि फार्मर्स को दिये गये रिकवरी नोटिस को पुनः खारिज किया जा सकता है मुर्गी पालन सबसे तेजी से बढता हुआ पशुपालन आधारित रोजगारोन्मुखी कृषि कार्य है। पूरे राजस्थान में लगभग 2 हजार से अधिक फार्म है, जिनमें 2 करोड से अधिक मुर्गियां पाली जा रही है। राज्य के कई जिलों जैसे अजमेर, नागौर, भीलवाड़ा, टोंक, जयपुर, सीकर झुझुनू, चूरू, अलवर, भरतपुर इत्यादि जिलों में लगभग 25 हजार से अधिक किसान परिवार जीवन यापन कर रहे है। मुर्गीपालन करने वाले किसान लगातार घाटे में जा रहे है। विद्युत वितरण निगम द्वारा भी आर्थिक भार दिया गया तो पॉल्ट्री फार्मर्स संकट में आ जायेगे। पोल्ट्री फार्मर्स के शिष्ट मडल में सैयद फखरे मोईन, विजयराज पारीक, असलम खान, प्रकाश अडवानी, हरिराम कोडवानी व डॉ मनीष साबले उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### अमेरिका में जॉर्जिया के अपालाची हाई स्कूल में गोलीबारी में चार की मौत, नौ घायल



**अटलांटा।** अमेरिका में जॉर्जिया के अपालाची हाई स्कूल में बुधवार को 14 वर्षीय छात्र ने गोलीबारी कर चार लोगों की जान ले ली। इस गोलीबारी में नौ लोग घायल हो गए। घायलों में आठ छात्र और एक शिक्षक है। पुलिस जांच अधिकारी ने कहा है कि आरोपित संदिग्ध छात्र से गोलीबारी की ऑनलाइन धमकी के संबंध में स्थानीय कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने करीब एक साल पहले भी पूछताछ की थी। जॉर्जिया ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन के निदेशक क्रिस होसी ने बताया कि मृतकों में 14 वर्षीय मेसन शेरमेरहॉर्न और क्रिश्चियन एंगुलो, 39 वर्षीय प्रशिक्षक रिचर्ड एस्पिनवाल और 53 वर्षीय क्रिस्टीना इरिमी शामिल हैं। बैरो काउंटी शेरिफ ज्यूड स्मिथ ने बताया कि घायलों को अस्पताल पहुंचा दिया गया है। इस घटना पर व्हाइट हाउस ने कहा है कि राष्ट्रपति जो बाइडेन को गोलीबारी की जानकारी दी गई है।

### किसान ने किया आत्मदाह का प्रयास

**मेरठ।** खेती की जमीन का दाखिल खारिज नहीं होने से परेशान दरियापुर गांव के किसान ने गुरुवार को मवाना तहसील में पेट्रोल डालकर आत्मदाह का प्रयास किया। किसी तरह से पुलिसकर्मियों और लोगों ने उससे पेट्रोल की केन छीनकर उसे बचाया। पुलिस उसे अपने साथ लेकर चली गई। दरियापुर गांव निवासी किसान इलम सिंह गुरुवार को अपने हाथ में पेट्रोल की केन लेकर मवाना तहसील पहुंचा। एसडीएम कार्यालय के सामने पेट्रोल डालकर आत्मदाह का प्रयास किया। इसी बीच वहां पर उपस्थित न्यायिक मजिस्ट्रेट जितेंद्र सिंह, लोगों और पुलिसकर्मियों ने उसे देख लिया।

### बहराइच के बाद कौशांबी में भेड़िये की दहशत

**कौशांबी।** जनपद के करारी थाना क्षेत्र के निवारी गांव में ससुर खदेरी नदी के किनारे बुधवार की बीती रात जंगली जानवर ने एक बच्चे समेत तीन लोगों को हमला किया। अलग-अलग स्थानों पर हुए हमले में घायल लोगों को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। ग्रामीणों के मुताबिक, हमला भेड़िया ने किया था। दिन में सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो में नदी किनारे भेड़िया देखा भी गया। डीएफओ ने कहा कि सूचना के आधार पर वन कर्मियों की टीम भेज कर लोगों को खतरे से आगाह किया जाएगा।

### बिजली की चपेट में आकर महिला की मौत

**मीरजापुर।** मड़िहान थाना क्षेत्र के हसरा गांव में बुधवार की देर शाम आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। वहीं आसपास के तीन गांवों में बिजली की चपेट में आकर आठ लोग झुलस गए। हसरा गांव के चकरा मजरे की निवासी गीता देवी (45) मवेशियों को गोशाला में बांध रही थीं। उसी दौरान आकाशीय बिजली की चपेट में आकर झुलस गई। परिजन उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मड़िहान ले गए, जहां चिकित्सक ने परिक्षण के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया। सीएचसी प्रभारी डा. आरएस वर्मा ने बताया कि आकाशीय बिजली की चपेट आई एक महिला को अस्पताल लाया गया था, जिसकी मौत हो चुकी है।

### कार और बाइक की भिड़ंत में छह की मौत

**श्रीगंगानगर।** राजस्थान के अनूपगढ़ जिले के श्रीविजयनगर थाना क्षेत्र में बुधवार देररात हुए सड़क हादसे में छह लोगों की मौत हो गई। हादसा सूरतगढ़-अनूपगढ़ स्टेट हाइवे पर एक कार के दो बाइक को टक्कर मारने से हुआ। हादसे में तीन बाइक सवारों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, तीन ने हॉस्पिटल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। सभी बाइक सवार आपस में परिचित थे और रात्रि जागरण से लौट रहे थे।

### सिंगापुर-भारत व्यापार संबंध बढ़ाने पर सहमत

**सिंगापुर।** सिंगापुर और भारत ने व्यापार संबंध बढ़ाने पर सहमत होते हुए आज समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस दौरान दोनों देशों के प्रतिनिधियों के बीच इनका आदान प्रदान किया गया। सिंगापुर की आधिकारिक यात्रा पर पहुंचे भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज अब से कुछ देर पहले इस बारे में एक्स हैंडल पर यह जानकारी साझा की। प्रधानमंत्री मोदी ने लिखा, " मेरे मित्र प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग के साथ चर्चा आज भी जारी रही। हमारी बातचीत कौशल, प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य देखभाल, एआई और अन्य क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर केंद्रित रही। हम दोनों व्यापार संबंधों को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर सहमत हुए।

### नाका पार्टी पर हमले की साजिश नाकाम

**पुलवामा।** नाका पार्टी पर हमले की साजिश को नाकाम कर गुरुवार को पुलिस ने करीमाबाद क्रॉसिंग पर चेकिंग के दौरान आतंकियों के एक सहयोगी को गिरफ्तार किया है। उसके पास से हथगोला बरामद किया गया है। आरोपित की पहचान करीमाबाद निवासी अरसलान अहमद शेख के रूप में हुई है। पुलिस पूछताछ में पता चला है कि आरोपित ने नाका पार्टी पर ग्रेनेड फेंकने की योजना बनाई थी। समय रहते पुलिस की कार्रवाई ने हमले को विफल कर दिया।

# आर्थिक और समावेशी विकास की नीतियां आकार लेती है: डॉ यादव

● विकास ऐसा हो, जिसका लाभ इस पीढ़ी के साथ आने वाली पीढ़ी को भी मिले : सीएम

**भोपाल। एजेंसी**



मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश आर्थिक प्रगति के हाईवे पर पूरी रफ्तार के साथ दौड़ रहा है। अधोसंरचना का काम रीढ़ की हड्डी की तरह होता है, जिस पर प्रौद्योगिकी की ताकत को पहचानें और इसका सदुपयोग कर समाज हित के संकल्प को आगे बढ़ाएं, ताकि इस पीढ़ी के साथ आने वाली पीढ़ी भी लाभान्वित हो सके। मुख्यमंत्री डॉ यादव गुरुवार को उज्जैन से भोपाल के एम्प्री में निर्माण उद्योग विकास परिषद द्वारा आयोजित कॉन्फ्रेंस को वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। उन्होंनें ₹अधोसंरचना निर्माण में नवाचारों का समावेश₹ विषय परआयोजित इस कॉन्फ्रेंस का उज्जैन से वर्चुअल शुभारंभ किया।

इस अवसर पर एम्प्री के संचालक डॉ. अवनीश श्रीवास्तव, कन्स्ट्रक्शन इंडस्ट्री डव्लपमेंट कॉन्सिल के महानिदेशक डॉ. पीआर स्वरूप, पूर्व डीजीपी एवं अध्यक्ष आईसीसी चैप्टर स्वराज पुरी, प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. पी. अशोकन तथा डॉ. मनीष मोद्गिल विशेष रूप से उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि अधोसंरचना के क्षेत्र में समावेशी विकास की गुंजाइश पर आयोजित कॉन्फ्रेंस में सम्मिलित होकर स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। कॉन्फ्रेंस में बुनियादी ढांचों, पर्यावरण, स्वास्थ्य, नवाचारों आदि संभावनाओं पर समग्र रूप से विचार किया जाए।

नवीन प्रौद्योगिकी के युग में एक प्लेटफार्म पर निरंतर विचार विमर्श से ही समावेशी विकास के नए मार्ग मिलेंगे। प्रदेश और निर्माण की बेहतरी के लिए हर संभावनाओं को तलाश जाएं। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं और जलवायु परिवर्तन के संकट से बचाव के लिए प्रभावी और लचीले बुनियादी ढांचों के निर्माण पर हमें जोर देना होगा। नई विधाएं अपनाकर निर्माण की गति भी बढ़ानी होगी। निर्माण के क्षेत्र में नवाचारों की अपार संभावनाएं हैं। निर्माण लागत और संसाधन को कम करने में भी सुधार की गुंजाइश हैं। आज पर्यावरण अनुकूल निर्माण सामग्री और निर्माण प्रक्रिया अपनाने की आवश्यकता है। मौसम आधारित निर्माण पर भी समग्र रूप से विचार करने की जरूरत है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने शिक्षक दिवस के अवसर पर इस महत्वपूर्ण आयोजन के लिए सभी को अभिनंदन और बधाई दी। उन्होंने कहा कि सर्वपल्ली राधाकृष्णन को समर्पित शिक्षक दिवस पर आज हमें नई प्रेरणा मिलेगी।

## इजराइल का गाजा के दीर अल-बलाह में हवाई हमला

**गाजा। एजेंसी**



इजराइल के सुरक्षा बल (आईडीएफ) मध्य गाजा के दीर अल-बलाह में लगातार हमला कर आतंकवादी संगठन हमास के ठिकानों को निशाना बना रहे हैं। आईडीएफ ने ताजा हवाई हमला कर हमास और इस्लामिक जिहाद कमांड सेंटर को निशाना बनाया। द यरूशलम पोस्ट अखबार की रिपोर्ट में कहा गया है कि शिन बेट से अहम जानकारी मिलने के बाद इजराइल की वायुसेना ने गाजा के मानवीय क्षेत्र दीर अल-बलाह में हमास और इस्लामिक जिहाद कमांड सेंटर पर हवाई हमला किया। कमांड सेंटर में आईडीएफ और इजराइल के खिलाफ हमलों की योजना बनाई जा रही थी। आईडीएफ ने कहा है कि आतंकवादी नागरिक क्षेत्रों का उपयोग करके अंतरराष्ट्रीय कानून तोड़ रहे हैं। वह गाजा के लोगों के जीवन को खतरे में भी डाल रहे हैं। आईडीएफ ने एक्स हैंडल पर इस हमले की जानकारी साझा की है। इसमें कहा गया है कि वायुसेना के विमान ने कमांड एंड कंट्रोल सेंटर में छुपे आतंकवादियों पर लक्षित हमला किया। यह आतंकी दीर अल-बलाह में छुपे हुए हैं। हवाई हमला करने से पहले आम नागरिकों को नुकसान पहुंचाने के जोखिम को कम करने के लिए कई कदम उठाए गए।

फिलिस्तीनी मीडिया के अनुसार, इजराइल के तुबास क्षेत्र में हुए ड्रोन हमले में पांच फिलिस्तीनी मारे गए। मारे गए लोगों में कुख्यात आतंकवादी जककारिया जुबैदी का 21 वर्षीय बेटा मोहम्मद जुबैदी भी शामिल है। जकारिया का बेटा सितंबर 2021 में छह अन्य कैदियों के साथ गिल्बोआ जेल से भाग गया था। आईडीएफ ने कहा कि ड्रोन हमलों में फिलिस्तीनी बंदूकधारियों को निशाना बनाया गया।

### यमुनानगर में लाखों की हेरोइन समेत युवक गिरफ्तार

**यमुनानगर।** अपराध शाखा-1 की टीम ने होंडा सिटी कार में सवार नशे की तस्करी करते हुए एक युवक को 267 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया। हेरोइन की बाजार में कीमत लगभग 13 लाख रुपये बताई जा रही है। आरोपी के पास से 63 हजार रुपए भी बरामद हुए। आरोपी को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गुरुवार को यह जानकारी देते हुए अपराध शाखा-1 के इंचार्ज यादविंदर सिंह ने बताया कि उनकी टीम को सूचना मिली कि छछरौली चौक से होता हुआ एक युवक कार में सवार होकर नशे की खेप लेकर आएगा। गुप्त सूचना के आधार पर टीम का गठन किया। टीम ने नाकाबंदी के दौरान होंडा सिटी कार सवार एक युवक को पकड़ा। मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट बुलाया गया जब तलाशी ली गई, तो उसके पास से 267 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। जिसकी पहचान छछरौली निवासी परवेज खान उर्फ पेजी के नाम से हुई।

## मिड डे मिल की खिचड़ी में दिखा मरा हुआ मेंढक, पांच स्कूल ने लौटाया भोजन

**चित्तौड़गढ़। एजेंसी**

पंचायत समिति चित्तौड़गढ़ में आने वाले गिलुंड प्राथमिक स्कूल में गुरुवार को दिए मिड डे मिल के भोजन में मरा हुआ मेंढक देख कर स्कूल स्टाफ अवाक रह गया। संस्थाप्रधान ने सूझ बूझ से काम लेते हुए तत्काल क्षेत्र के पांच स्कूलों में इसकी सूचना दी और बच्चों को भोजन का वितरण रुकवाया। साथ ही अक्षय पात्र योजना से जुड़े स्टाफ को भी इस बारे में अवगत कराया। इस पर स्टाफ स्कूलों में पहुंचा और भोजन पुनः अपने साथ लेकर आए। करीब पांच स्कूलों के 300 बच्चों को आधे अवकाश में भोजन करने के लिए घर भेजा गया। चित्तौड़गढ़ पंचायत समिति क्षेत्र के कई स्कूलों में अक्षय पात्र फाउंडेशन के तहत दोपहर के अवकाश का भोजन दिया जा रहा है। गुरुवार को भोजन में विद्यार्थियों के लिए खिचड़ी भेजी गई थी। गिलुंड राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में ही प्राथमिक विद्यालय भी संचालित है। यहां कक्षा एक से आठ तक के बच्चे अध्ययन करते हैं।

यहां अक्षय पात्र फाउंडेशन से दोपहर का भोजन बच्चों के लिए पहुंचा था। मिड डे मील प्रभारी ने बच्चों को भोजन वितरण से पहले बर्तन में देखा तो मरा हुआ मेंढक दिखाई दिया। इस पर प्रभारी ने संस्थाप्रधान सुनीता शर्मा को जानकारी दी उन्होंने भी बर्तन में खिचड़ी के साथ मरा हुआ मेंढक देखा। इस पर बच्चों को दोपहर का भोजन वितरण नहीं किया। साथ ही समझदारी दिखाते हुवे तत्काल गिलुंड पीईईओ क्षेत्र में आने वाले पांच अन्य स्कूलों में फोन कर इस बारे में अवगत करवाया और विद्यार्थियों को भोजन वितरण पर रोक लगा दी।

## भाजपा हाईकमान के विश्वास पर खरा उतरने का काम करूंगा : देवेन्द्र बबली

**फतेहाबाद। एजेंसी**



भाजपा में शामिल होने और टोहाना से टिकट मिलने के बाद पूर्व मंत्री देवेन्द्र बबली गुरुवार को फतेहाबाद में भाजपा जिला कार्यालय में पहुंचे। यहां पहुंचने पर भाजपा कार्यकताओं ने ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत किया। पार्टी जिलाध्यक्ष बलदेव ग्रोहा और सीकर के पूर्व सांसद एवं जिला प्रभारी सुमेधानंद सरस्वती ने उनका स्वागत किया। आज फतेहाबाद से पार्टी उम्मीदवार दुड़ाराम और रतिया से उम्मीदवार सुनीता दुग्गल भी जिला कार्यालय में पहुंची और कार्यकताओं से मिली। इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए पूर्व मंत्री देवेन्द्र बबली ने टोहाना से टिकट दिए जाने पर भाजपा हाईकमान का आभार जताया और कहा कि जनभावनाओं का सम्मान करते हुए भाजपा ने उन पर जो विश्वास जताया है, वह उस विश्वास पर खरा उतरने का काम करेंगे और टोहाना सीट पर रिकार्ड वोटों से जीत दर्ज कर इसे भाजपा की झोली में डालेंगे। उन्होंने कहा कि टोहाना में 35 सालों तक कांग्रेस के नेता नुमाइंदे चुने गए लेकिन टोहाना विकास की दृष्टि से पिछड़ा रहा। उन्होंने गठबंधन सरकार के समय भाजपा के साथ मिलकर काम किया और टोहाना में बड़ा बदलाव लाने में सफल रहे। उन्होंने कहा कि वह भाजपा के इमानदार सिपाही के रूप में काम करते हुए पार्टी को मजबूत करने का काम करेंगे। सेवानीति व कार्यनीति से उन्होंने जनता के बीच जगह बनाई है। फतेहाबाद जिले की तीनों विधानसभा सीटें जीतने के साथ-साथ स्पष्ट बहुमत के साथ भाजपा तीसरी बार सरकार बनाएगी।

पूर्व सीएम हुड्डा पर बोलते पर पूर्व मंत्री देवेन्द्र बबली ने कहा कि उस समय सरकार केवल रोहतक तक सीमित थी। हिसार, फतेहाबाद, सिरसा जिले विकास के मामले में काफी पिछड़ गए थे लेकिन भाजपा सरकार ने सबका साथ-सबका विकास नीति को सार्थक करते हुए प्रदेश में समान भावना से काम करवाए।

## एमवीपी अवधारणा स्टार्टअप को शुरूआती ग्राहकों की संतुष्टि का प्रतीक : डॉ. नरोतम

**मुरादाबाद। एजेंसी**

● उद्यमिता के लिए व्यावहारिक दृष्टिकोण, वास्तविक दुनिया के उदाहरणों से स्टुडेंट्स के नवीन विचारों को सफल व्यावसायिक उद्यमों में बदलने के टिप्स भी दिए



तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज में गुरुवार को लीन स्टार्टअप और मिनिमम वाइएबल प्रोडक्ट्स पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन हुआ। जिसमें डीएनए लैब सेंटर फॉर एप्लाइड साइंसेज, देहरादून के निदेशक व मेडिकल लैब तकनीकों और स्टार्टअप विकास के क्षेत्र के प्रसिद्ध विशेषज्ञ डॉ. नरोतम शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि के रूप उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नए उद्यमियों के सामने आने वाली विभिन्न चुनौतियों और ग्राहकों की जरूरतों पर ध्यान केंद्रित करने पर जोर दिया गया। साथ ही प्रोडक्ट डवलपमेंट में चुनौतियों को दूर करने पर भी चर्चा हुई।

मुख्य अतिथि डॉ. नरोतम शर्मा ने स्टार्टअप के चुनौतीपूर्ण परिदृश्य को नेविगेट करने के तरीकों पर अंतदृष्टि साझा की। उन्होंने कहा कि एमवीपी अवधारणा स्टार्टअप को शुरूआती ग्राहकों की संतुष्टि का प्रतीक है। साथ ही यह पर्याप्त सुविधाओं के संग उत्पाद विकसित करने में मदद करता है।

डॉ. शर्मा ने इससे पहले कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज के प्राचार्य प्रो. नवनीत कुमार ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। डॉ. नरोतम शर्मा ने उद्यमिता के लिए व्यावहारिक दृष्टिकोण, वास्तविक दुनिया के उदाहरणों से स्टुडेंट्स के नवीन विचारों को सफल व्यावसायिक उद्यमों में बदलने के टिप्स भी दिए। गेस्ट लेक्चर के दौरान इंटरैक्टिव प्रश्न-उत्तर सत्र भी चला। इस मौके पर मेडिकल लैब टेक्निक्स की एचओडी डॉ. रुचि कांत के संग-संग फोरेंसिक साइंस के एचओडी रवि कुमार, ऑप्टोमेट्री के एचओडी राकेश यादव, रेडियो और इमेजिंग टेक्निक्स के एचओडी अमित बिष्ट, फैकल्टीज विनय पाठक, बैजनाथ दास, आकाश चौहान, रोशन, वर्षा राजपूत, साक्षी बिष्ट, सौरभ बिष्ट, ममता, श्रेया ठकराल, अर्चना जैन एवं फॉरेंसिक, एमएलटी, ऑप्टोमेट्री, आरआईटी के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## राजनैतिक दल हमारी मांगों को घोषणा पत्र में करें शामिल : सर्व कर्मचारी संघ

**यमुनानगर। एजेंसी**



सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर हरियाणा प्रदेश की राजनीतिक पार्टियों से कर्मचारियों की माँगो व समस्याओं को लेकर जिला प्रधान महिपाल सौदे की अध्यक्षता में राज्य कमेटी के प्रतिनिधि मंडल ने बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष धर्मपाल तिगरा को गांव तिगरा में उनके निवास स्थान पर मुलाकात कर उन्हें कर्मचारियों की 15 सूत्रीय माँगो का ज्ञापन सौंपा और उनकी पार्टी की राय पूछी। गुरुवार को यह जानकारी देते हुए राज्य महासचिव नरेश कुमार ने बताया कि हरियाणा सरकार प्रदेश में कार्यरत नियमित व अनियमित कर्मचारियों की मुख्य मांगे है कि कच्चे कर्मचारियों को 2 वर्ष के अनुभव के आधार पर पक्का करना, एनपीएस को रद्द करके ओपीएस स्कीम बहाल करने, कौशल निगम भंग करने,सरकारी महकमों का निजीकरण बन्द करना, विभागों में खाली पड़े लगभग 3 लाख पदों पर भर्ती करना व अन्य माँगो का समाधान आदि है। लेकिन भाजपा की सरकार ने डंडे लाठी के जोर पर कर्मचारियों का मुँह बन्द करवाने का प्रयास किया। वहीं बसपा प्रदेश अध्यक्ष ने अपनी पार्टी का पक्ष रखते हुए कहा कि सरकारी विभागों के निजीकरण के हम बिल्कुल भी पक्ष में नही है। निजीकरण से आम जनता को सरकारी सुविधाएं मिलनी बन्द हो जाएगी। इसके अलावा अगर हमारी सरकार सत्ता में आती है तो हम सभी तरह के कच्चे कर्मचारियों व स्कीम वर्कर्स, मिड डे मील वर्कर्स,आशा वर्कर्स व आंगनवाड़ी वर्कर्स एवं हेल्पर्स को पक्का करेंगे।

### सैंकड़ों नशीली गोलियों सहित पुलिस ने दो भाईयों को किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** मेडिकल नशे की तस्करी करने वालों की धरपकड़ करते हुए नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की टीम ने टोहाना क्षेत्र से दो युवकों को गिरफ्तार कर, उनके पास से सैंकड़ों नशीली गोलियां बरामद की है। दोनों युवकों के खिलाफ थाना सदर टोहाना में गुरुवार को केस दर्ज किया गया है। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो फतेहाबाद की टीम एएसआई सूर्यकांत के नेतृत्व में नशा तस्करों की धरपकड़ को लेकर गश्त पर थी। पुलिस टीम जब गांव ठरवीं के बस अड्डे के पास पहुंची तो उन्हें सूचना मिली कि कुलविन्द्र व जनक सिंह पुत्र बीरबल निवासी फतेहपुरी दोनों भाई नशीली गोलियां बेचने का काम करते हैं । दोनों एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर गांव बोस्ती में सनियाना रोड फिरनी पर नशीली गोलियां बेचने की फिराक में है। इस सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो वहां मोटरसाइकिल पर दो युवक बैठे दिखाई दिए। पुलिस को देखकर दोनों युवक घबरा गए और मोटरसाइकिल को स्टार्ट करने लगे। पुलिस कर्मचारियों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों युवकों को काबू कर लिया।

**कार्यशाला** मंदिर में नवस्थापित महादेव के शिवलिंग का पूजन व अर्चन करने के साथ सीएम योगी ने प्रदक्षिणा भी की

# श्रेष्ठ भारत के संकल्प को समृद्ध करने का मार्ग प्रशस्त करेगा मंदिर : योगी

**अयोध्या। एजेंसी**



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को अपने अयोध्या दौरे की शुरूआत राम नाथ स्वामी मंदिर में आयोजित महाकुंभाभिषेक व प्राण प्रतिष्ठा समारोह में हिस्सा लेकर रामसेवक पुरम पत्थर कार्यशाला से की। कार्यशाला में स्थापित इस दक्षिण भारतीय शैली के मंदिर में नवस्थापित महादेव के शिवलिंग का पूजन व अर्चन करने के साथ मुख्यमंत्री योगी ने प्रदक्षिणा भी की। इस अवसर पर आयोजित सभा के मंच से मुख्यमंत्री योगी ने रामनाथ स्वामी मंदिर की स्थापना को एक भारत श्रेष्ठ भारत के संकल्प को समृद्ध करने वाला प्रयास बताया। उन्होंने कहा कि रामस्वामी का कार्यशाला में विराजमान होना अत्यंत आनंद का क्षण है। उन्होंने कहा कि अयोध्या धाम और तमिलनाडु का विशेष रिश्ता है। ये हजारों वर्षों की परंपरा है।

हजारों वर्ष पहले मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम जब श्रीलंका में माता सीता की खोज के लिए निकले थे तो तमिलनाडु के रामेश्वरम में सेतु बंधन के पश्चात अपने आराध्य भगवान शिव की अराधना की थी। सीएम योगी ने कहा कि संपूर्ण भारत एक है, इस संकल्प के साथ आध्यात्मिक चेतना बढ़ रही है। मौजूदा प्रयास भी इसमें एक कड़ी है। उन्होंने कहा कि हम एक भारत श्रेष्ठ भारत के पीएम मोदी के कार्यक्रम को ही आगे बढ़ा रहे हैं जो यहां भी देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि भारत उत्तर से लेकर दक्षिण तक पूरब से लेकर पश्चिम तक एक रहा है। हमारे शास्त्र व धर्मस्थल इस बात के प्रमाण हैं। सरकारें अलग अलग रही हों मगर भारत के संतों की परंपरा ने मजबूती प्रदान की है।

मुख्यमंत्री योगी वाराणसी में आयोजित होने वाले काशी तमिल संगमम् का उदाहरण देते हुए कहा कि काशी में तमिल संगम के दो संस्करण पूर्ण हो चुके हैं। काशी के बाद आज अय्या जी के कारण अयोध्या धाम भी तमिलनाडु से जुड़ चुका है। उन्होंने आगे कहा कि एक ओर आरएसएस व विश्व हिंदू परिषद द्वारा राष्ट्र जोड़ने का कार्य हो रहा है। वहीं कुछ लोग ओछी राजनीति के लिए देश को बांटने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसे में, मंदिर स्थापना का यह कार्यक्रम एक भारत श्रेष्ठ भारत की संकल्पना को प्रशस्त करता है।

### सबसे आध्यात्मिक व संदुरतम नगरी के तौर पर स्थापित होगी अयोध्या

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अब प्रभु श्रीराम का पूरा भव्य मंदिर बनने में ज्यादा देर नहीं होने वाली है। मंदिर निर्माण को पूर्ण करने के सभी कार्य तीव्र गति से जारी है जिसके लिए मंदिर ट्रस्ट के चंपत राय, गोपाल राय व अन्य पदाधिकारी बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को पीएम मोदी द्वारा हुए प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में समाज का पूरा नेतृत्व वर्ग अयोध्या धाम में था। अयोध्या धाम में पांच सदी के बाद विराजमान हुए राम लला का करोड़ों श्रद्धालुओं ने दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया है। सीएम योगी ने जोर देकर कहा कि मेरा मानना है कि अयोध्या धाम एक नई गति के साथ दुनिया की सबसे आध्यात्मिक और सुंदरतम नगरी के रूप में स्थापित होकर पूरे सनातन धर्मावलंबियों के लिए एक नई प्रेरणा और प्रकाश का केंद्र बिंदु बनकर उभरेगा। वहीं, इस अवसर पर आरएसएस के पूर्व सर कार्यवाह सुरेश भैयाजी जोशी ने कहा कि दक्षिण भारतीय शैली के इस मंदिर की स्थापना ने उत्तर और दक्षिण को जोड़ने का काम किया है जिसका माध्यम भगवान शिव व प्रभु श्रीराम बने हैं।

## नापा घर वापसी करें, उन्हें पूरा सम्मान मिलेगा: सुनीता

**फतेहाबाद। एजेंसी**



रतिया विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार सुनीता दुग्गल ने रतिया के विधायक लक्ष्मण नापा से पार्टी में लौटकर आने की अपील करते हुए कहा कि उन्हें मतभेद भुलाकर घर वापसी करनी चाहिए। पार्टी में उन्हें पूरा मान सम्मान दिया जाएगा। वे 9 सितंबर को अपना नामांकन दाखिल करेंगी। गुरुवार को भाजपा जिला कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए सुनीता दुग्गल ने कहा कि मौकापरस्त राजनीति करने वालों को जनता भली-भांति जानती है। पार्टी छोड़ने वाले रतिया के विधायक लक्ष्मण नापा को पार्टी ने पहले भी पूरा सम्मान दिया है। ऐसे में वह उनसे अनुरोध करना चाहेंगी कि जिस संगठन में वह सालों तक रहे, जहां से उन्हें पहचान मिली, जिस संगठन ने उन्हें सींचा, ऐसे में उन्हें मतभेद भुलाकर घर वापसी करनी चाहिए। प्रदेश में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने जा रही है और सरकार बनने पर उन्हें पहले की तरह पूरा मान-सम्मान दिया जाएगा।

एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की श्रीगंगानगर में कार्रवाई

# 25,000 रुपये के इनामी हार्ड कोर हिस्ट्रीशीटर आत्माराम विश्नोई को स्कॉर्पियो सहित पकड़ा

## 30 किलोमीटर पैदल चल ठिकाने चिह्नीत किये, भाग रहे बदमाश की स्कॉर्पियो के आगे पीछे गाड़ी लगा रोका

चमकता राजस्थान

**जयपुर! (खलील कुरैशी) 05 सितम्बर।** एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की टीम ने 25 हजार रुपये के ईनामी तथा श्रीगंगानगर जिले में थाना सूरतगढ़ के हार्डकोर हिस्ट्रीशीटर आत्माराम बिश्नोई पुत्र हेतराम (50) निवासी माणकसर सूरतगढ़ जिला श्रीगंगानगर को पकड़ा है। इसके विरुद्ध हत्या, हत्या का प्रयास, लूट, डकैती, अवैध हथियार व मादक पदार्थ तस्करी के विभिन्न थानों में 24 प्रकरण दर्ज हैं। डकैती के मामले में फरार इनामी आरोपी की पुलिस को काफी लंबे समय से तलाश थीअतिरिक्त महानिदेशक पुलिस अपराध एवं एजीटीएफ दिनेश एम. एन. ने बताया कि गैंगस्टर, हार्डकोर, वांछित इनामी अपराधियों इत्यादि के बारे में आसूचना संकलन के लिए अलग-अलग शहरों में टीमें भेजकर जानकारी जुटाई जा रही है। इसी क्रम में टीम को थाना सूरतगढ़, जिला श्रीगंगानगर के प्रकरण में वांटेड 25,000 रुपये के इनामी अभियुक्त के बारे में इनपुट प्राप्त हुए। प्राप्त आसूचना को विकसित कर आरोपी की गतिविधियों का पता लगाया।एडीजी एम.एन. ने बताया कि वांटेड अपराधी की गिरफ्तारी के लिये उप महानिरीक्षक पुलिस योगेश यादव के पर्यवेक्षण व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश मलिक एवं सिद्धान्त शर्मा के सुपरविजन में पुलिस निरीक्षक सुभाष सिंह तंवर, हैड कानिस्टेबल राम अवतार मीणा, महेंद्र बिजारणियां, नरेन्द्र सिंह, अभिमन्यु कुमार सिंह व कांस्टेबल सुरेश कुमार को सूरतगढ़ रवाना किया गया। टीम ने संकलित आसूचना की पुष्टि के लिए सूरतगढ़ शहर एवं आसपास के इलाकों में लगभग 30 किलोमीटर पैदल घूमकर अपराधी के संभावित ठिकानों को चिह्नीत कर पीछा किया तथा स्थानीय पुलिस थाना के कानिस्टेबल देवी लाल के सहयोग से सूरतगढ़ के बीकानेर सर्किल पर एजीटीएफ टीम ने घेराबन्दी कर दबिश दी। पुलिस टीम को देख आरोपी आत्माराम अपनी स्कोर्पियो गाड़ी को तेज गति से भगा कर ले जाने लगा। टीम ने सूझबूझ से स्कोर्पियो के आगे व पीछे पुलिस वाहन लगाकर आरोपी के भागनिकलने का रास्ता अवरूद्ध कर दिया गया। अधिक भीड़भाड़ वाले सर्किल पर लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए तत्परता से आरोपी को बड़ी मुश्किल से काबू कर गिरफ्तार करवाया गया आरोपी आत्माराम बिश्नोई हत्या, हत्या का प्रयास, लूट, डकैती, अवैध हथियार व मादक पदार्थ तस्करी के मामलों में विभिन्न थानों के 24 आपराधिक प्रकरणों में वांछित चल रहा था। आरोपी थाना सूरतगढ़ का हिस्ट-ीशीटर एवं हार्ड कोर अपराधी है। श्रीगंगानगर एसपी द्वारा डकैती के मामले में आरोपी की गिरफ्तारी पर 25,000 रुपये का इनाम घोषित किया हुआ है।

इस कार्रवाई में एजीटीएफ के पुलिस निरीक्षक सुभाष सिंह तंवर, हैड कांस्टेबल राम अवतार मीणा, महेंद्र बिजारणियां, नरेन्द्र सिंह, अभिमन्यु कुमार सिंह तथा कांस्टेबल सुरेश कुमार एवं थाना सूरतगढ़ शहर से कांस्टेबल देवीलाल शामिल थे।






## संक्षिप्त समाचार

### जयपुर में अग्निशमन अधिकारी, नगर पालिका-बगरू 50 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

**चमकता राजस्थान। जयपुर,!(खलील कुरैशी)।** ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. की जयपुर ग्रामीण इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये धर्मेन्द्र कुमार शर्मा अग्निशमन अधिकारी, नगर पालिका-बगरू, जिला जयपुर को परिवादी से 50 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ए.सी. बी. की जयपुर ग्रामीण इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि उसकी फैक्ट्री में हुई आगजनी की घटना का प्रमाण पत्र देने की एवज में आरोपी धर्मेन्द्र कुमार शर्मा अग्निशमन अधिकारी, नगर पालिका-बगरू, जिला जयपुर द्वारा 50 हजार रुपये रिश्वत की मांग कर परेशान किया जा रहा है।जिस पर एसीबी जयपुर के उप महानिरीक्षक पुलिस कालूराम रावत के सुपरवीजन में एसीबी की जयपुर ग्रामीण इकाई के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनील सिहाग के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज उनके द्वारा मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी धर्मेन्द्र कुमार शर्मा अग्निशमन अधिकारी, नगर पालिका-बगरू, जिला जयपुर को परिवादी से 50 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस स्मिता श्रीवास्तव के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की हैल्पलाईन नं. 1064 एवं हॅंउरंस्त्रस्त्र हैल्पलाईन नं. 94135-02834 पर 247 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।



### बाबा गंगादास राजकीय महिला महाविद्यालय ने मनाया गया शिक्षक दिवस कार्यक्रम

- छात्राओं ने प्रस्तुत किये अनेक शैक्षणिक क्रिया-कलाप




**चमकता राजस्थान। शाहपुरा (खलील कुरैशी)।** शाहपुरा शहर स्थित बाबा गंगादास राजकीय महिला महाविद्यालय में प्राचार्य प्रो. नरेश कुमार मीना की अध्यक्षता में राष्ट्रीय सेवा योजना की ईकाई प्रथम एवम् ईकाई द्वितीय की स्वयं सेविकाओं द्वारा शिक्षक दिवस समारोह आयोजित किया गया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजेश बेनीवाल और सुश्री ज्योत्स्ना ने बताया कि महाविद्यालय कि छात्राओं ने शिक्षकों के सम्मान में अपनी भावनाएं कविता, भाषण, श्लोक पाठ आदि के द्वारा व्यक्त की। उन्होंने गुरुजनों को विद्यार्थी के शैक्षिक जीवन में मार्गदर्शन के साथ जीवन में सर्वांगीण विकास का पथ प्रदर्शक बताया। उन्होंने शिक्षक को अंधकार से जीवन में उजियारे की ओर ले जाने वाला बताया। प्राचार्य प्रो. मीना ने छात्राओं को अच्छी शिक्षा के साथ जीवन में सकारात्मकता के साथ लक्ष्य के लिए कठिन परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया। प्रो. अंजू अग्रवाल ने छात्राओं को विद्यार्थियों को शिक्षा को करियर के साथ समाज कल्याण में लगाने के लिए कहा। मंच संचालन छात्रा दीक्षा शर्मा, अनुष्का यादव, पलक शर्मा ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त शैक्षणिक और अशैक्षणिक कार्मिकों का छात्राओं द्वारा तिलक, मोली लगाकर स्वागत किया। छात्राओं ने प्रोफेसर प्राची गुप्ता को बेस्ट अटायर अवार्ड से नवाजा।

# मदरसा मुफीदुल इस्लाम में धूमधाम से मनाया शिक्षक दिवस

## मदरसा के बच्चे बने शिक्षक और संभाली क्लास, शिक्षकों के लिए अपने भाव व्यक्त कर किया सम्मान




चमकता राजस्थान

**जयपुर/झुंझुनूं.(खलील कुरैशी)** कस्बे मे मदरसा मुफीदुल इस्लाम में पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म दिवस गुरुवार को शिक्षक दिवस के रूप में बनाया गया।पहली बार शिक्षक दिवस 1962 में मनाया गया था जब डॉ. सर्वपल्ली देश के राष्ट्रपति के रूप चुने गए थे। वहीं डॉ. सर्वपल्ली भारत के पहले उप राष्ट्रपति और दूसरे राष्ट्रपति रहे। इस दौरान मदरसा के छात्र-छात्राओं ने भी अध्यापक -अध्यापिका की भूमिका निभाते हुए कक्षाओं में जाकर जूनियर को शिक्षा का पाठ पढाया। वहीं विधार्थियों ने कक्षाओं को गुब्बारों व पोस्टर से सजाया। छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां दी। इस दौरान मदरसा शिक्षा अनुदेशक अब्दुल हमीद खान व वसिम कुरैशी ने शिक्षक के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षक साधारण नहीं होता है,शिक्षक समाज के पथ प्रदर्शक व राष्ट्र निर्माता होते हैं। शिक्षक विधार्थियों को सही शिक्षा देकर उन्हें आने वाली चुनौतियों के लिए तैयार करते हैं और उन्हें एक सभ्य नागरिक बनाने का प्रशंसनीय कार्य करते हैं। इसके साथ महिला शिक्षा अनुदेशक अकीला बानों ने मदरसा के छात्र-छात्राओं को बताया कि शिक्षक वह दीपक है, जो हमें अज्ञानता के अंधकार को दूर कर जीवन में ज्ञान का प्रकाश फैलातें हैं। वहीं फारुक सोलंकी ने छात्रों को बताया कि शिक्षक समाज की रीड की हड्डी है। वही हमारे जीवन के गुरु होतें हैं, जो सिर्फ किताबी ज्ञान नहीं देते हैं बल्कि समाज की सभी सच्चाइयों का ज्ञान देतें हैं।

### पेन, गिफ्ट व फूल देकर शिक्षकों को छात्र-छात्राओं ने किया सम्मानित

मदरसा के छात्र-छात्राओं ने अपने पंसदीदा अध्यापक व अध्यापिका को पेन, गिफ्ट्स व किताब अन्य प्रकार के गिफ्ट्स देकर शिक्षकों को सम्मानित किया। इस दौरान शिक्षा अनुदेशक रूखसार बानो, अब्दुल हमीद खान, समीरा बानों, मोहम्मद हारुन कुरैशी, अकीला बानो, वसिम कुरैशी, फारुक सौलंकी ,ममता शर्मा व सुशीला कुमावत सहित मदरसा के छात्र व अभिभावक मौजूद रहे।

### दिव्यांगजनों के लिए लगा शिविर, कृत्रिम अंग और सहायक उपकरण वितरण के लिए 68 चिंहित

- चिन्हित 68 दिव्यांगजनों को 17 सितंबर को वितरित किए जाएंगे कृत्रिम सहायक उपकरण

**चमकता राजस्थान/कोटपूतली-बहरोड़, (धर्मेंद्र बंसल)** । कोटपूतली-बहरोड़ जिले में दिव्यांगजनों की मदद के लिए भारत सरकार की एडिप योजना अंतर्गत कृत्रिम और सहायक उपकरण प्रदाय करने के लिए पंजीयन शिविर का आयोजन किया गया नीमराना के पंचायत समिति भवन में इस शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर के लिए नीमराना उपखंड प्रशासन, सामाजिक न्याय विभाग और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने भी सहयोग प्रदान किया। इस पंजीयन शिविर में 150 से ज्यादा दिव्यांगजनों ने अपना पंजीयन कराया इसके बाद इस शिविर में 68 दिव्यांजनों को पात्र पाते हुए कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण के लिए चिंहित किया गया। आने वाली 17 सितंबर को चिन्हित 68 दिव्यांग जनों को सहायक उपकरण दिए जाएंगे।

भारत सरकार की एडिप योजना अंतर्गत दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग और सहायक उपकरण प्रदान करने के लिए एलिम्को कानपुर के माध्यम से चिन्हांकन शिविर आयोजित किया गया जिसमें डॉक्टर और अन्य विशेषज्ञों के द्वारा दिव्यांगजनों का चिन्‘ांकन किया गया।

सामाजिक न्याय विभाग के सहायक निदेशक रमेश दहमीवाल ने बताया कि इस एक दिवसीय शिविर में जिले भर से दिव्यांगजनों ने अपना पंजीयन कराया। शिविर में सभी पात्र दिव्यांगों का परीक्षण कर उनके आवश्यक दस्तावेजों को प्राप्त कर उनका पंजीयन किया गया। अब 17 सितंबर को एलिम्को कानपुर की मदद से पात्र दिव्यांगजनों को उपकरण का वितरण किया जाएगा।

इससे पूर्व नीमराना पंचायत समिति प्रधान संतोष यादव तथा उपखंड अधिकारी पंकज बडगूर्जर ने आशान्वित ब्ला-ॅक नीमराना में एकदिवसीय शिविर का उद्घाटन किया तथा केंद्र तथा राज्य सरकार द्वारा दिव्यांग जनों के लिए संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की गई तथा प्रशासन द्वारा सभी योजनाओं का लाभ दिव्यांग जनों को लाभान्वित करने के लिए प्रशासन सदैव प्रतिबद्ध है।

# जयपुर विकास आयुक्त मंजू राजपाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई ट्रेफिक कन्ट्रोल बोर्ड की बैठक

## जेसीटीसीएल द्वारा कोचिंग हब, चौपाटी एवं अन्य योजनाओं के लिए चलाई जायेंगी बसें

चमकता राजस्थान

जयपुर !(खलील कुरैशी) 05 सितम्बर। जयपुर विकास आयुक्त मंजू राजपाल की अध्यक्षता में जेडीए के मंथन सभागार में ट्रेफिक कन्ट्रोल बोर्ड की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में विभिन्न एजेण्डों पर विचार-विमर्ष कर निर्णय लिये गये। बैठक में डीसीपी ट्रेफिक, एमडी जेसीटीएसएल, नगर निगम हैरिटेज जयपुर, परिवहन विभाग, जेडीए सचिव, अति. आयुक्त नगर निगम ग्रेटर, जेडीए के अभियांत्रिकी निदेषक-प्रथम एवं द्वितीय, सदस्य सचिव - टीसीबी, मुस्कान एनजीओ के प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में सुगम यातायात हेतु राजस्थान



आवासन मण्डल द्वारा नगर निगम एवं ट्रेफिक पुलिस की सहायता से मानसरोवर के सिटी पार्क एवं फाउण्टेन स्क्वायर, मध्यम मार्ग, विजय पथ चौराहे व डी-मार्ट के आसपास की सडकों तथा इंदिरा गांधी नगर सीबाआई फाटक से गोनेर जाने वाली सडकों पर ट्रेफिक सिग्नल की व्यवस्था की जायेगी। इसके साथ ही इन क्षेत्रों में नो-वेंडिंग जोन भी घोषित किये जायेंगे।

बैठक में राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा विकसित कोचिंग हब, चौपाटी एवं अन्य योजनाओं में सार्वजनिक परिवहन सेवा हेतु प्रस्ताव जेसीटीएसएल को भेजे जाने का निर्णय लिया गया।बैठक में परिवहन विभाग द्वारा प्रस्तावित नवीन मार्गो-सरना डूंगर, औद्योगिक क्षेत्र से मानसरोवर, मैट्रो स्टेशन वाया मंशारामपुरा, लालचंदपुरा, हाथोज, केडियाकोठी, हाथोज

- **मण्डल द्वारा मानसरोवर एवं इंदिरा गांधी नगर में लगायेगा ट्रेफिक ला-ईट्स एवं घोषित करेगा नो - वेंडिंग जोन**
- **ई रिक्शा जोन का किया निर्धारण**

मोड (सिरसी रोड), सिरसी गांव, नाडिया, खातियों की ढाणी, भांक-रोटा, हीरापुरा बस स्टेण्ड, कमला नेहरू नगर, 200 फीट चौराहा, बदरवास तिराहा, मानसरोवर मैट्रो स्टेशन का अनुमोदन किया गया। बैठक में आमजन की सुविधार्थ यातायात नियमों से संबंधित रोड साईन-बोर्डो को डिफेसिंग से बचाव हेतु रोड साईन बोर्ड पर लोहे की जाली लगाये जाने का निर्णय लिया गया। टीसीबी द्वा-रा ई-चालान का फास्टटैग के माध्यम से भुगतान के क्रम में डीओआईटी को फिजीबिलेटी हेतु भेजे जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में आरटीओ आयुक्त मनीषा अरोडा द्वारा बाल वाहिनी के संदर्भ में प्रस्तावित गाईडलाईन जारी करने से पूर्व मुस्कान एनजीओ के सुझावों को सम्मिलित करने हेतु आमंत्रित किया गया। बैठक में परिवहन विभाग के अधिकारियों द्वारा बताया गया कि जयपुर कलक्टर द्वारा ई रिक्शा छः जोन निर्धारण की अधिसूचना दिनांक 28.08.2024 को जारी की जा चुकी है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान, मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929